रोहतक

शुक्रवार, 27 जून 2025

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 147
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 38.4
न्यून. 22.1

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,812.09 | 1000.36 ▲ |
| निफ्टी | 25,549.00 | 304.25 ▲ |

| धातु | कीमत | स्थिर |
|---|---|---|
| सोना | 98,600/- | --- |
| चांदी | 1,03,100/- | --- |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.67 | 41 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 67.80/ बैरल | 0.18% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## प्रदेश कैबिनेट के अहम फैसले : सरकारी कर्मियों और शहीदों के परिजनों को सौगात

# कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन तय महिला कर्मियों की छुट्टी बढ़ाई

**कर्मचारी के निधन के बाद दो साल तक परिजन सरकारी आवास में रह सकेंगे**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को कई अहम फैसले लिए गए। प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों, महिलाओं और शहीदों के परिजनों को कई सौगात दी। कर्मचारियों के लिए न्यूनतम पेंशन तय कर दी। पेंशन के लिए यूपीएस योजना शुरू की गई है। इससके तहत अब न्यूनतम 10,000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। किसी सरकारी कर्मचारी की मौत होने पर उनके परिजनों को 2 साल तक सरकारी मकान खाली नहीं करना पड़ेगा और परिवार को 2 साल के लिए आवास भत्ता मिलेगा। महिला कर्मचारियों के लिए आकस्मिक अवकाश 20 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) का नाम बदलकर राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो करने पर भी मुहर लगा दी। इभूमि खरीद नीति को मंजूरी दे दी गई। बैठक में 8 शहीदों के आश्रितों को अनुकंपा आधार पर नौकरी देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कैबिनेट ने एचसीएस अधिकारी अश्वनी कुमार को जबरन रिटायर करने का फैसला लिया है। इस अधिकारी पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। इस संबंध में विभागीय कार्रवाई चल रही है। जल्द ही इसके ऑर्डर जारी कर दिए जाएंगे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्रकारों को बताया कि कैबिनेट मीटिंग में 33 एजेंडे रखे गए थे, जिसमें से 32 को स्वीकृति दी गई है।



### भूमि खरीद नीति-2025 को मंजूरी

सीएम सैनी ने बताया कि भूमि खरीद पॉलिसी 2025 को मंजूरी दी गई है। विकास परियोजनाओं के लिए सरकारी विभागों, बोर्ड एवं निगमों तथा सरकारी कंपनियों को स्वेच्छा से दी जाने वाली भूमि खरीद नीति 2025 को मंजूरी मिली है। भूमि के एकत्रीकरण के लिए एग्रीगेटर्स को प्रोत्साहन देने और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उनके पंजीकरण से संबंधित प्रावधानों को इस नीति में शामिल किया गया है। भूमि मालिक अपनी भूमि की पेशकश करके और उसका अधिकतम मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। भूमि मालिक अपने हिस्से को आंशिक या पूर्ण रूप से बेच सकता है, जिसका पहले की नीति में प्रावधान नहीं था। सड़क परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण भी किया जाएगा। इसके लिए एनएचएआई मॉडल को अपनाने पर विचार किया जाएगा।

### 1000 से 3000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि

प्रस्तावित भूमि तक 5 करम का पहुंच मार्ग (एप्रोच रोड) सुनिश्चित करने का प्रावधान किया है। एग्रीगेटर को सुविधा शुल्क कुल लेनदेन लागत का 1 प्रतिशत और दो किस्तों में दिया जाएगा। एग्रीगेटर को 70 प्रतिशत या उससे अधिक जमीन इकट्ठा करने पर 1000 रुपये से 3000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। भारत सरकार के विभाग एवं निकाय भी अपनी विकास परियोजनाओं के लिए इस नीति के तहत भूमि खरीद की प्रक्रिया अपना सकेंगे।

### सिविल सेवा नियम, 2016 में संशोधन

हरियाणा सिविल सेवा नियम, 2016 में संशोधन को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। इसके तहत मृतक कर्मचारी के परिवार को 2 साल तक आवास सुविधा दी जाएगी। सेवा के दौरान सरकारी कर्मचारी की मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को आवास भत्ता दो वर्ष तक दिया जाएगा। परिवार सामान्य लाइसेंस शुल्क का भुगतान कर दो साल तक आवास को बरकरार रख सकता है।

### पेंशन नियमों में संशोधन

हरियाणा सिविल सेवा पेंशन नियमों में संशोधन को मंजूरी दी है। ये नियम 19 जुलाई 2016 से प्रभावी माने जाएंगे। सेवानिवृत्ति के समय सरकारी कर्मचारी द्वारा क्मयूट की पेंशन की राशि को सेवानिवृत्ति की तिथि से 15 वर्ष पूर्ण होने पर पुनः बहाल कर दिया जाएगा। पहले 15 साल तक या जब तक ब्याज सहित कम्यूट की गई पेंशन राशि की रिकवरी हो जाए तब तक कटौती का प्रावधान था।

### एकीकृत पेंशन योजना लागू

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत केंद्र द्वारा अधिसूचित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को लागू करने का ऐतिहासिक फैसला भी कैबिनेट में हुआ है। वैसे, यह योजना 1 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगी। 1 जनवरी, 2006 या उसके बाद सरकारी सेवा में आए 2 लाख से अधिक कर्मचारियों को सुनिश्चित पेंशन का लाभ मिलेगा। यूपीएस के तहत 25 साल की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारी को सेवानिवृत्ति से पहले 12 महीनों के दौरान प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत मिलेगी। 10 साल या अधिक वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद प्रति माह 10,000 का न्यूनतम गारंटी पेंशन मिलेगी।

**खनन और बागवानी विभाग में नए पद स्वीकृत :** शहरी स्थानीय निकाय विभाग, खनन एवं भू-विज्ञान विभाग और बागवानी विभागों की रिपोर्ट को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। रिपोर्ट में ,कुल पदों को हटाना, पदों के नाम बदलना, नए पद सृजित करना शामिल है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग में 31533 पद स्वीकृत हैं जो अब बढ़कर 36381 होंगे। रेशनलाइजेशन कमीशन ने खनन-भूविज्ञान विभाग में भी 216 नए पद सृजित करने का फैसला किया। बागवानी विभाग में 1100 नए पद सृजित होंगे।

### नियमित महिलाकर्मियों को 25 आकस्मिक छुट्टी

नियमित महिलाकर्मियों को साल में 20 के स्थान पर 25 आकस्मिक अवकाश मिलेंगे। एचकेआरएन अनुबंधित कर्मियों को हर माह एक अतिरिक्त छुट्टी।

### महाविद्यालय नियमों में संशोधन किया गया

हरियाणा एफिलिएटेड महाविद्यालय नियमों में संशोधन किया है। अब सरकारी सहायता प्राप्त निजी प्रबंधित महाविद्यालयों के कर्मचारियों के मानसिक या शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों को भी पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा।

### आठ शहीदों के आश्रितों को नौकरी

बैठक में 8 शहीदों के आश्रितों को अनुकंपा आधार पर नौकरी देने का निर्णय लिया है। अनुकंपा आधार पर शहीद हुए सैनिक/अर्ध सैनिक के आश्रित ग्रुप-बी, सी या डी पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र हैं। बैठक में कन्या महाविद्यालय, खरखौदा (सोनीपत) को राज्य सरकार के अधीन करने की मंजूरी दी गई है।

**फ्यूचर डिपार्टमेंट को मंजूरी :** डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर की स्थापना को मंजूरी दी है। इस विभाग की स्थापना का उद्देश्य हरियाणा को भविष्य समर्थ बनाना है। यह विभाग हरियाणा की विजन 2047 नीति के अनुरूप होगा।

# पाक के लिए जासूसी में रेवाड़ी का नौसेना का क्लर्क विशाल गिरफ्तार

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक से आए थे खाते में 50,000 रुपये**

**रिटायर डीजीपी का दूर का रिश्तेदार अहम सूचनाएं लीक करने के आरोप**

**पिता पुलिस में एएसआई रह चुके, 30 जून तक पुलिस हिरासत में भेजा गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में राजस्थान के खुफिया विभाग ने नौसेना भवन दिल्ली में तैनात रेवाड़ी के अपर डिवीजन क्लर्क (यूडीसी) विशाल यादव को गिरफ्तार किया है। विशाल पर अहम



सूचनाएं लीक करने के आरोप हैं। विशाल एक रिटायर्ड डीजीपी का दूसर का रिश्तेदार है। उसके पिता सुनील यादव हरियाणा पुलिस में एएसआई के पद पर तैनात थे। उनकी रोहड़ाई के पास सड़क हादसे में करीब 12 साल पहले मौत हो गई थी। विशाल के एक चाचा अनिल एएसआई के पद से वीआरएस (वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम) ले चुके हैं। वहीं, दूसरे चाचा सुशील यादव एएसआई पद पर सेवाएं दे रहे हैं। विशाल 6 साले पहले एसएसबी एग्जाम पास कर नौसेना में भर्ती हुआ था। उसका पैतृक गांव पुन्सिका है, लेकिन अभी उसका परिवार रेवाड़ी की उत्तम नगर कॉलोनी में रहता है।

### पाक की खुफिया एजेंसी को दी सूचनाएं

राजस्थान के खुफिया विभाग के अनुसार विशाल पाक की खुफिया एजेंसी को नौसेना की सूचनाएं सूचना लीक कर रहा था। ऑरेशन सिंदूर के दौरान उसके खाते में पाकिस्तान से 50,000 रुपये आए थे। तभी से वह राडार पर था। विशाल 16 जून को दिल्ली ऑफिस से घर के लिए गाड़ी लेकर निकला था। मानेसर पहुंचने पर ही उसे राजस्थान सीआईडी ने धर दबोचा। दो दिन में वापस आ जाएगा। राजस्थान पुलिस के अनुसार आरोपित को जयपुर की एक अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 30 जून तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। विशाल ने एक पाकिस्तानी महिला जासूस प्रिया शर्मा को ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सूचना लीक की और उसके बदले में 2 लाख रुपये लेने की बात कबूली।आरोपित को कुछ भुगतान यूएसडीटी के माध्यम से क्रिप्टो करेंसी में भी किए गए।

### परिजनों के जयपुर पहुंचने पर खुलासा

विशाल के परिजन 24 जून को जयपुर पहुंचे। वहां उन्होंने एसपी इंटेलिजेंस जयपुर से संपर्क किया, तो बताया गया कि विशाल के खाते में पाकिस्तान से पैसा ट्रांसफर किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के चलते उसके खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए हैं, जबकि इससे पहले छोटी रकम उसके खाते में ट्रांसफर हो चुकी है। विशाल के चाचा अनिल को खुफिया विभाग ने पाकिस्तान के हैंडलर के साथ हुई विशाल की चैटिंग भी दिखाई। उसने व्हाट्सएप से लेकर इंस्टाग्राम और फेसबुक तक पर चैटिंग की हुई थी।

# सीईटी रजिस्ट्रेशन पोर्टल अब नहीं खुलेगा

**सीएम सैनी बोले, प्रमाण पत्र के लिए समय देंगे, मामले को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे थे 6 अभ्यार्थी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा ग्रुप-सी भर्ती को लेकर 3 साल बाद हो रहे कॉमन एलिजिबलिटी टेस्ट (सीईटी) एग्जाम में फिर से रजिस्ट्रेशन पोर्टल नहीं खुलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को यह स्पष्ट किया है। सीएम ने कहा है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) में सीईटी के रजिस्ट्रेशन में यदि अभ्यर्थियों को रिजर्व कैटेगरी का सर्टिफिकेट जमा करने में दिक्कत आई है, तो वे उम्मीदवार एग्जाम के बाद भी इसे जमा कर सकेंगे। दरअसल, एग्जाम के रजिस्ट्रेशन से वंचित रहे या रजिस्ट्रेशन के लिए कम समय मिलने के चलते रिजर्व कैटेगरी का फायदा न उठा पाने वाले अभ्यर्थी पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचे हैं। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में सीईटी एग्जाम को लेकर पहुंचा केस अब लिस्टिंग हो चुका है। संभावना है कि 2 या 3 जुलाई को हाईकोर्ट में इस मामले में पहली सुनवाई हो। इस मामले को लेकर हरियाणा के 6 अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आग्रह किया है कि हरियाणा ग्रुप-सी के सीईटी रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल दोबारा चालू किया जाए। साथ ही जिन्होंने रजिस्ट्रेशन कर लिया है, उन्हें ठीक करने के लिए भी समय दिया जाए।

### वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता की अवधारणा पर गलतफहमी

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता की अवधारणा के बारे में 'गलतफहमी' है और अक्सर मध्यस्थता का मतलब यह माना जाता है कि दोनों पक्षों को एक साथ रहना होगा। न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने एक स्थानांतरण याचिका पर यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा, 'वैवाहिक मामलों में हमने पाया है कि मध्यस्थता की अवधारणा को लेकर गलतफहमी है। उन्होंने कहा, 'जैसे ही हम मध्यस्थता की बात करते हैं, उन्हें लगता है कि हम उन्हें साथ रहने के लिए कह रहे हैं।

### यूपीएससी आवेदन पत्रों में सुधार के लिए खोलेगा सुधार 'विंडो'

**नई दिल्ली (भाषा)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) इस साल होने वाली एनडीए और एनए तथा सीडीएस परीक्षाओं के लिए भरे गए आवेदन पत्रों में उम्मीदवारों की गलतियों को सुधारने के लिए सुधार 'विंडो' खोलेगा। यूपीएससी द्वारा बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, यह 'विंडो' तीन दिनों के लिए खुलेगी और इसमें एक बार सुधार का मौका मिलेगा। संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा-दो, 2025 और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और नौसेना अकादमी (एनए)-दो, 2025 की अधिसूचना 28 मई को जारी की गई और ये 14 सितंबर को आयोजित की जाएंगी।






रोहतक, शुक्रवार, 27 जून 2025

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सुविचार**

समय और समझ दोनों एक साथ किस्मत वालों को ही मिलते हैं, क्योंकि अक्सर समय पर समझ नहीं आती और समझ आने पर समय निकल जाता है। - अज्ञात



# आईएसएस में भारत ने रचा इतिहास

## 28 घंटे का सफर तय कर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचने वाले पहले भारतीय बने शुभांशु, क्रू सदस्यों से गले मिले

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के शुभांशु शुक्ला व तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के धरती से 28 घंटे की यात्रा के बाद गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में प्रवेश किया। इसके बाद वहां के चालक दल के सदस्यों ने उन्हें गले लगाकर और हाथ मिलाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। ड्रैगन श्रृंखला के 5वें अंतरिक्ष यान, जिसका नाम ग्रेस है, को उत्तरी अटलांटिक महासागर के ऊपर भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:01 बजे अंतरिक्ष स्टेशन के हार्मनी मॉड्यूल के साथ वहां संचार, विद्युत संपर्क व दबाव स्थिरीकरण स्थापित करने में दो घंटे का समय लगा। नासा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, एक्सिओम 4 के चालक दल- कमांडर पैगी व्हिटसन, इसरो के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, पोलिश इंजीनियर स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की, और मिशन विशेषज्ञ टिबोर कापू ड्रैगन अंतरिक्ष यान से बाहर निकले और पृथ्वी की निचली कक्षा में अपने घर पर नजर डाली।' यह पहली बार है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस की यात्रा पर पहुंचा। वायुसेना के टेस्ट पायलट शुक्ला अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। इससे पहले राकेश शर्मा 1984 में अंतरिक्ष में 8 दिन रहे थे। था। अंतरिक्ष स्टेशन में सात अंतरिक्ष यात्री हैं- नासा से निकोल एयर्स, ऐनी मैक्क्लेन और जॉनी किम, जेएएक्सए (जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी) से ताकुया ओनिशी व रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष यात्री किरिल पेसकोव, सर्गेई रियाजिकोव और एलेक्सी जुब्रित्स्की।



**शुभांशु बोले, मैं 634वां यात्री हूं। यहां एक बच्चे की तरह सीख रहा हूं, अंतरिक्ष में चलना और खाना कैसे है**

**नमस्कार फ्रॉम स्पेस! : शुभांशु**

स्पेसक्राफ्ट से लाइव बातचीत में शुभांशु ने कहा- नमस्कार फ्रॉम स्पेस! यहां एक बच्चे की तरह सीख रहा हूं... अंतरिक्ष में चलना और खाना कैसे है। मैं हर उस व्यक्ति को धन्यवाद देना चाहता हूं, जो इस यात्रा का हिस्सा रहा है। 'मैं 634वां अंतरिक्ष यात्री हूं। यहां आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।' 'आपके प्यार व आशीर्वाद से मैं आईएसएस पर पहुंच गया हूं। यहां खड़ा होना आसान लग रहा है, लेकिन मेरा सिर थोड़ा भारी है, कुछ कठिनाई हो रही है; लेकिन ये छोटी-मोटी बातें हैं।' 'हमें इसकी आदत हो जाएगी। यह इस यात्रा का पहला कदम है।' शुक्ला ने कहा कि अगले 14 दिनों में वह और अन्य अंतरिक्ष यात्री वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे और पृथ्वी पर लोगों से बातचीत करेंगे। आइए इस यात्रा को रोमांचक बनाएं। उनके साथ पैगी व्हिटसन मिशन कमांडर, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की भी आईएसएस पहुंचे हैं।

# प्रदेश के 9 जिलों में बारिश, हिमाचल में 5 जगह बादल फटे, 5 की मौत, कई लापता

**फतेहाबाद में सबसे ज्यादा एक घंटे में 76 एमएम बरसात**

**शहर के मुख्य बाजार, सड़कें, कॉलोनियां जलमग्न, धान उत्पादक किसानों के चेहरे खिले**

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में मानसून की एंट्री के बाद से लगातार बारिश हो रही है। गुरुवार को 9 जिलों में बारिश हुई है, जिनमें चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, पानीपत, जींद, हिसार, भिवानी, झज्जर, फतेहाबाद और सिरसा शामिल हैं। पानीपत, भिवानी और महेंद्रगढ़ के नारनौल में तो हल्की बूंदाबांदी हुई है, लेकिन फतेहाबाद में सबसे ज्यादा एक घंटे में 76 एमएम बरसात से सड़कों और कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति बन गई, फतेहाबाद में ही स्थित पटवार भवन में भी बारिश का पानी घुस गया। हालांकि बारिश ने धान उत्पाद किसानों को बड़ी राहत दी है। वहीं, दूसरी तरफ एमपी, राजस्थान और गुजरात समेत सभी राज्यों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा नुकसान हिमाचल में हुआ है। कुल्लू जिले में 5 जगह- जीवा नाला (सैंज), शिलागढ़ (गढ़सा) घाटी, स्त्रो गैलरी (मनाली), होरनगढ़ (बंजार), कांगड़ा और धर्मशाला के खनियारा में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि 7 से ज्यादा लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सैंज में जीवा नाला के नजदीक एनएचपीसी के प्रोजेक्ट साइट पर हुआ। यहां गुरुवार दोपहर तक 4 और लोगों के शव बरामद हुए। बताया जा रहा है 15 से 20 लोग बह गए थे। लेकिन इनकी अब तक पुष्टि नहीं हुई है।

**एमपी, राजस्थान और गुजरात में भी बारिश का सिलसिला जारी**



**आज पूरे प्रदेश में पहुंचेगा मानसून**

आईएमडी चंडीगढ़ के अनुसार 8 जिलों चरखी दादरी, झज्जर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल और मेवात में बूंदाबांदी की संभावना है। प्रदेश में बुधवार को मानसून की एंट्री के बाद शुक्रवार तक पूरे प्रदेश में पहुंचने की संभावना है। यमुनानगर में गुरुवार रात करीब डेढ़ बजे तिलक नगर में एक घर की छत का छज्जा अचानक टूटकर नीचे गिर गया। इससे नीचे खड़ी कार क्षतिग्रस्त हो गई और मलबा बिखर गया। जिस वक्त यह छज्जा गिरा, परिवार नीचे कमरे में सो रहा था। अचानक तेज धमाके की आवाज से उनकी नींद टूटी।

## रुद्रप्रयाग में नदी में ट्रैवलर गिरी, 3 की मौत, 9 लापता

**ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, हादसे में 8 घायल**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी में एक ट्रैवलर गिर गई। हादसा घोलतीर में बद्रीनाथ हाईवे पर हुआ। ट्रैवलर में 20 लोग सवार थे, इनमें से 3 की मौत हो गई है, जबकि 8 घायल हैं। वहीं, 9 लोग अभी भी लापता हैं। ट्रैवलर में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के यात्री बैठे थे। ट्रैवलर सवार 20 लोगों के नाम, पता जारी किए गए हैं। तीन मृतकों में से 2 की पहचान एमपी के राजगढ़ निवासी विशाल सोनी (42) और गुजरात में आईमाता चौक सूरत निवासी ड्रिमी (17) के रूप में हुई है। ड्राइवर सुमित ने बताया- वह यात्रियों को केदारनाथ से दर्शन कराकर बद्रीनाथ धाम ले जा रहे थे। इस बीच रुद्रप्रयाग में घोलतीर के पास एक ट्रक ने पीछे से ट्रैवलर को टक्कर मार दी। इससे मिनी ट्रैवलर अलकनंदा में जा गिरी। सुमित हरिद्वार के रहने वाले हैं। इन्हें भी गंभीर चोट आई है। इनका इलाज रुद्रप्रयाग अस्पताल में किया जा रहा है। एसडीआरएफ के जवान श्रीनगर, गढ़वाल में बांध के पास तलाशी अभियान चला रहे हैं, जो रुद्रप्रयाग बस दुर्घटना स्थल से 40 किलोमीटर दूर है। (पेज 7 भी देखें)

## विस स्पीकर के भाई देवेंद्र कल्याण बने चुनाव आयुक्त

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के भाई और पूर्व आईआरएस देवेंद्र कल्याण को नई जिम्मेदारी दी गई है। देवेंद्र को राज्य का चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति को लेकर काफी समय से कयास लगाए जा रहे थे। दरअसल, केंद्र की ओर से डेपूटेशन पर आए कल्याण रिटायरमेंट से पहले मूल कैडर में लौट गए थे। उनकी नियुक्ति रिटा. धनपत सिंह के स्थान पर की गई है, क्योंकि उनका कार्यकाल पूर्ण हो गया था। राज्य चुनाव आयुक्त देवेंद्र कल्याण की नियुक्ति के आदेश सरकार के मुख्य सचिव द्वारा जारी कर दिए गए हैं।



## एससीओ से राजनाथ का चीन-पाक को करारा जवाब, नहीं किए संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर

**साझा दस्तावेज में पहलगाम हमले का जिक्र नहीं होने पर नाराजगी भारत के इनकार के बाद जारी नहीं हुआ संयुक्त घोषणापत्र**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** किंगदाओ में गुरुवार को हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने चीन और पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है। बैठक के अंत में जारी किए जाने वाले संयुक्त घोषणापत्र के मसौदे में पहलगाम आतंकी हमले, पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंता और उसके पक्ष को शामिल न करने की वजह से इसे अपनी स्वीकृति प्रदान नहीं की। जिसके चलते यह महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी नहीं किया जा सका। दरअसल, इस वर्ष एससीओ की यह बैठक चीन की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। जिसमें भारत का नेतृत्व करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को चीन पहुंचे थे। जबकि चीन की तरफ से रक्षा मंत्री डोंग जून और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी एससीओ की बैठक में भाग लिया। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने 26 जून को यह जानकारी दी।



**दस्तावेज पढ़कर छोड़ दी कलम**

सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो से भी ये साफ हो जाता है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह किस तरह से बैठक के प्रारूप का गंभीरता के साथ अध्ययन करते हैं। लेकिन जब उन्हें लगता है कि ये दस्तावेज पहलगाम हमले, आतंकवाद और खासतौर पर पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के मामले पर पूरी तरह से मौन साधे हुए है तो वह तुरंत ही अपनी कलम यानी पेन दस्तावेज पर बिना हस्ताक्षर किए टेबल पर नीचे छोड़ देते हैं। जिससे उनकी इस प्रारूप को लेकर अनिच्छा समूह के सामने पूरी तरह से जाहिर हो जाती है।

**रक्षामंत्री की खरी-खरी**

रक्षा मंत्री ने चीन-पाक का नाम लिए बगैर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के दोषियों, आयोजकों, प्रायोजकों और इसके वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराते हुए न्याय के कटघरे में लाया जाए। कुछ देश सीमा पार आतंक को अपनी नीति के रूप में इस्तेमाल करते हैं व आतंकियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आतंक की बुराई की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। शांति और समृद्धि उन परिस्थितियों में संभव नहीं है। जहां आतंकवाद और सामूहिक विनाश के हथियार गैर-राज्य तत्वों व आतंकी संगठनों के हाथों में हैं।



**खबर संक्षेप**

### ऑनलाइन तबादला नीति के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने मॉडल ऑनलाइन तबादला नीति को अमलीजामा पहनाने के मकसद से नीति के अनुसार, हर विभाग को ग्रुप 'ए' या ग्रुप 'बी' श्रेणी के नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इन नोडल अधिकारियों को शुक्रवार सुबह दस बजे सेक्टर-17, चंडीगढ़ स्थित न्यू हरियाणा सिविल सचिवालय में प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने के भी निर्देश दिए गए हैं ताकि नई व्यवस्था को सुचारू तरीके चलाया जा सके। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस सम्बन्ध में 47 विभागों के 22 प्रशासनिक सचिवों को निर्देश जारी किए हैं। नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक स्तर या उससे ऊपर का होगा, जो ऑनलाइन तबादला नीति के कार्यान्वयन में सम्बन्धित प्रशासनिक सचिव की सहायता करेगा। साथ ही, सरकार ने ऑनलाइन तबादला नीति में शामिल किए जाने या इससे निकाले जाने वाले काडर की सूची भी प्रकाशित करने के निर्देश दिए हैं।नोडल अधिकारी की नियुक्ति और काडर सूची के प्रकाशन का कार्य एचआरएमएस पोर्टल' के माध्यम से किए जाएंगे। इसके लिए विभाग का एडमिन उपयोगकर्ता पर लॉगिन करेगा। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी मेनू से नोडल मास्टर एमओटीपी विकल्प चुनेगा, पात्र अधिकारियों की सूची डाउनलोड करेगा, उसमें से उपयुक्त अधिकारी का चयन कर स्वीकृत नोटिंग अपलोड करेगा।

### यमुनानगर के गांव खारवन और चंदाखेड़ी में एनआईए की रेड

# दस लाख के इनामी कुलबीर संधू के परिजनों से की कई घंटे पूछताछ

**राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने चंदाखेड़ी में युवक से पूछताछ कर उसका मोबाइल फोन खंगाला**

**टीम ने कुलबीर संधू के माता व पिता का फोन कब्जे में लिया**

**परिजन बोले, 17 साल की उम्र में विदेश चला गया था**

**उसके बाद दो बाद फोन पर बात हुई, परिवार से बेदखल किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

एनआईए की टीम ने वीरवार को गांव खारवन में पहुंचकर दस लाख के इनामी कुलबीर सिंह संधू के घर पहुंचकर उसके परिजनों से कई घंटे पूछताछ की। इसके बाद टीम ने बिलासपुर के गांव चंदाखेड़ी में पहुंचकर भी एक व्यक्ति से पूछताछ की।

#### गांव में पुलिस रही तैनात

वीरवार सुबह एनआईए की टीम खारवन पहुंची। इस दौरान टीम ने दस लाख रुपये के इनामी कुलबीर सिंह के घर के सामने सुरक्षा बल तैनात कर दिए और आप उसके पिता सुखविंद्र से पूछताछ करने घर के भीतर पहुंच गई। एनआईए की टीम ने मौके पर कुलबीर सिंह संधु के पिता और उनकी पत्नी का फोन कब्जे में ले लिया। सुबह से लेकर दोपहर करीब एक बजे तक टीम ने कुलबीर सिंह संधू के परिजनों से पूछताछ की। संधु के पिता सुखविंद्र सिंह का कहना है कि कुलबीर अपनी मर्जी से अर्मिनिया चला गया था।

उस समय उसकी उम्र केवल 17 वर्ष थी। उसके बाद एक दो बार संपर्क किया। वर्ष 2018 में उसको बेदखल कर दिया। एनआईए ने भी उनसे काफी सख्ती से पूछताछ की लेकिन कुछ नहीं निकला। क्योंकि कुलबीर उनके संपर्क में नहीं है। उनके यहां पर आए दिन कोई न कोई जांच एंजेसी आती है। वह परेशान हो चुके हैं। सभी का सहयोग करते हैं। उनके बेटे को किसी ने बहका लिया है। रेड से गांव में दिनभर हलचल रही।


यमुनानगर। खारवन में कुलबीर के घर जांच करती टीम।

#### चंदाखेड़ी में भी टीम ने घंटों की पूछताछ

इसके बाद एनआईए की टीम गांव चंदाखेड़ी के एक व्यक्ति के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि चंदाखेड़ी के जिस व्यक्ति के घर एनआईए की टीम पहुंची उसके बेटे सोनू ने अप्रैल 2024 में अमेरिका में रिश्तेदारों को काल किया था। वह अमेरिका में जाने के बारे में पूछ रहा था। कुछ समय बाद सोनू का एक्सीडेंट हो गया। जिसके बाद वह विदेश जाने की तैयारी नहीं कर सका। उसको लेकर ही एनआइए ने पूछताछ की है। उसके मोबाइल की भी जांच की गई। इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी वहां से चली गई। इस दौरान जांच एजेंसी के अधिकारियों ने गोपनीय तौर पर पूछताछ की।

## दिनेश ने वर्ल्ड मिलिट्री कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड मिलिट्री कुश्ती चैंपियनशिप में झज्जर जिले का दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया पहलवान छाया रहा। दिनेश ने हेवीवेट वर्ग में ब्रांज मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

#### खेलप्रेमी उत्साहित

उसकी जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। जीतकर लौटने पर अभिनंदन किया जाएगा। दरअसल, इंटरनेशनल मिलिट्री स्पोर्ट्स काउंसिल की ओर 22 से 29 जून तक जर्मनी में 38वीं वर्ल्ड मिलिट्री कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। दुनियाभर की आर्मी के पहलवान इसमें भाग ले रहे हैं।

झज्जर जिले के दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया पहलवान ने भी चैंपियनशिप में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रांज मेडल जीता। गोधड़ी स्थित अखाड़े में अभ्यास करता है। दिनेश ने अपनी जीत का श्रेय कोच व परिजनों को दिया है। दिनेश का कहना है कि भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास रहेगा। देश के लिए ओलंपिक में मेडल जीतना उसका सपना है।



■ इंटरनेशनल मिलिट्री स्पोर्ट्स काउंसिल ने 22 से 29 जून तक जर्मनी में 38वीं वर्ल्ड मिलिट्री कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया

#### 125 केजी फ्री स्टाइल वर्ग के पहलवान

दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया पहलवान झज्जर जिले के गोयला कलां गांव से है। हेवीवेट 125 केजी फ्री स्टाइल वर्ग का यह पहलवान सर्विसेज की ओर से खेलता है। एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीत चुका है। नेशनल में भी कई मेडल जीते हैं। इसके अलावा देशी दंगलों का भी नामी पहलवान है।

## फर्जी रजिस्ट्री मामले में तहसीलदार रजिस्ट्री क्लर्क सहित नौ पर केस

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस ने भाटिया कॉलोनी निवासी विधवा सुनीता शर्मा की प्रॉपर्टी आई डी का यूज करके अनधिकृत कॉलोनी के प्लॉट की रजिस्ट्री किसी और के नाम करवाने के आरोप में तत्कालीन तहसीलदार, रजिस्ट्री क्लर्क, नगर परिषद् में प्रॉपर्टी आई डी बनाने वाले क्लर्क के अलावा दो प्रॉपर्टी डीलर पुनीत व मखन कंबोज के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। इसके अलावा रजिस्ट्री करवाने वाले नीता रानी, सुनीता,सुमन रानी व कर्म सिंह को आरोपी बनाया गया है। यह मामला अगस्त 2023 का है। लेकिन शिकायतकर्ता सुनीता शर्मा जब किसी कार्य के लिए प्रॉपर्टी आई डी निकलवाने गई तो उसे पता चला कि उसकी प्रॉपर्टी आई डी नंबर एम सी एफ/बी 05/0433 पर तो नीता, सुनीता,सुमन व कर्म सिंह का नाम दर्ज है, किसी ने फ्रॉड करके उसकी प्रॉपर्टी आई डी पर नाम दर्ज करवा लिया। महिला ने बताया कि उसका भाटिया कॉलोनी में 14मरले के प्लॉट में मकान भी बना हुआ है। महिला का यह भी आरोप है कि जब इस फ्रॉड का उसके पति केवल कृष्ण शर्मा को पता चला तो अधिकारियों के चक्कर काटकर परेशान हो गए। तथा इसी परेशानी के चलते 2024 में उनकी मृत्यु हो गई। महिला सुनीता शर्मा ने इसकी शिकायत 19मई के समाधान शिविर में दी थी। जिसमें कहा गया था कि उसे पता चला है कि इस सारे फ्रॉड में तत्कालीन तहसीलदार, रजिस्ट्री क्लर्क, नगर परिषद कर्मचारी, 2प्रॉपर्टी डीलर व अपने नाम प्रॉपर्टी आई डी में दर्ज कराने वाले तीनों शामिल है।

समाधान शिविर में भी महिला की शिकायत पर करीब एक महीने तक कोई समाधान नहीं किया गया तो महिला ने एस पी से मामला दर्ज करने की गुहार लगाई। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

## बहादुरगढ़ : कार में दम घुटने से पीडब्ल्यूडी के एसडीई की मौत

**बहादुरगढ़।** पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) के एसडीई की गाड़ी में दम घुटने के बाद तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मांडोठी चौकी पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है। मृतक की पहचान सत्यवान सिंह के रूप में हुई है। रोहतक के निवासी सत्यवान पीडब्लयूडी में एसडीई थे। पिछले कुछ समय से बहादुरगढ़ स्थित कार्यालय में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, पीडब्ल्यूडी की ओर से दुजाना में कॉलेज का भवन बनाया जा रहा है। वह उस साइट का का दौरा करने के बाद बहादुरगढ़ लौट रहे थे। इस दौरान उनकी गाड़ी में स्पार्किंग के कारण धुआं उठने लगा। धुआं बढ़ा तो उन्होंने छारा बाईपास पर गाड़ी साइड में लगाकर बाहर निकलने का प्रयास किया लेकिन निकल नहीं पाए। इस दौरान उन्होंने अपने परिवार व परिचितों को भी कॉल की। जब उनसे गाड़ी नहीं खुली तो एक राहगीर युवक ने जैसे तैसे प्रयास कर गाड़ी खोली और उनको संभाला। उन्हें गिरावड़ स्थित वर्ल्ड कॉलेज में ले जाया गया। जहां उनका उपचार शुरू हुआ। कुछ घंटे बाद ईलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। वीरवार को शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया।



- दुजाना में कॉलेज भवन की साइट को निरीक्षण करने गए थे
- रोहतक के रहने वाले थे

## कहासुनी में चचेरे भाई को गोलियों से भूना

■ सुबह दोनों साथ-साथ घूमने निकल थे, लाइसेंसी रिवाल्वर से पांच गोलियां मारीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना कस्बे की नेहरू कॉलोनी में एक व्यक्ति ने वीरवार को चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों भाई सुबह घूमने के लिए निकले थे। किसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हो गई और वापस लौटते ही आरोपी ने रिवॉल्वर निकाल कर सीधे गोली चला दी। मृतक को पांच गोलियां लगी हैं। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह जुलाना की नेहरु कॉलोनी निवासी 53 वर्षीय सुरेश और उसका चचेरा भाई जगदीश खेतों की तरफ घूमने के लिए निकले थे। घर से कुछ दूरी पर ही दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई।


जुलाना। जांच करते पुलिस अधिकारी। इनसेट में सुरेश का फाइल फोटो।

#### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

सैर के दौरान दोनों आपस में तेज-तेज बोलने लगे और इसके बाद वहां से वापस लौटते ही जगदीश घर में गया और वहां से अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल कर लाया। तैश में आकर जगदीश ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर निकाली और सीधे सुरेश पर फायरिंग कर दी। जगदीश ने पांच गोली मारी। जिससे सुरेश वहीं पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित जगदीश को हिरासत में ले लिया। मृतक के शव को पोस्टमर्ॉम के लिए जींद के सिविल अस्पताल में करवाया गया। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगा रही है।

#### पुलिस स्टेशन से मजह 30 मीटर की दूरी पर वारदात

जहां पर सुरेश को गोलियां मारी गई, वहां से जुलाना थाना की दूरी महज 30 मीटर है। जब आरोपित सुरेश को गोलियां मार रहा था तो थाना प्रभारी रविंद्र गोलियों की आवाज सुनकर दौड़ कर आए और मौके से आरोपित को काबू कर लिया। आरोपित जगदीश से रिवॉल्वर भी बरामद कर लिया है। 15 साल पहले आरोपी जगदीश ने रिवॉल्वर ली थी। जुलाना थाना प्रभारी रविंद्र ने बताया कि सुबह के समय गोलियां चलने की आवाज सुनकर वो थाने से बाहर आए तो सुरेश का शव पड़ा हुआ था। पुलिस ने आरोपी जगदीश को काबू कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पुलिस नाका तोड़कर उत्पात मचाने का आरोपी वाहन चालक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** एमजी रोड पर रात के दौरान शराब के नशे में एक कार ड्राइवर ने जमकर उत्पात मचाया। काली फिल्म लगी और बिना नंबर प्लेट की स्कॉर्पियो में चालक ने खतरनाक ढंग से गाड़ी दौड़ाई और पुलिस की ईआरवी गाड़ीको भी टक्कर मार दी। इस दौरान गाड़ी भीड़ में फंसी तो उसके ड्राइवर व साथी को लोगों ने पकड़ लिया और उनकी जमकर धुनाई भी की। रात के वक्त वहां से गुजर रहे एसीपी यशवंत को जब हूटर बजाकर उत्पात मचा रही कार दिखाई दी तो उन्होंने पीछा कर कार को पकड़वाया। पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बीती रात एक स्कॉर्पियो ड्राइवर ने तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हुए पहले इफको चौक पर लगे पुलिस नाके को तोड़ा और एमजी रोड की ओर भागने लगा। आरोपियों की पहचान भारत व साहिल तंवर के रूप में हुई

## शाहबाद में चौथी वारदात : नकाबपोश बदमाशों ने होटल पर की 20 राउंड फायरिंग, धमकी भरी पर्ची फेंकी

**शाहबाद।** नेशनल हाइवे-44 पर शाहबाद में स्थित एक निजी होटल में वीरवार सुबह करीब पांच बजे हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाशों ने जमकर फायरिंग की। बदमाशों ने होटल की पार्किंग व रिसेप्शन पर करीब 20 राउंड फायर किए।

वारदात को अंजाम देकर बदमाश मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। हालांकि घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन होटल परिसर में खड़ी तीन गाड़ियों के शीशे टूट गए। बतां दे कि अभी 2 हफ्ते पहले इसी होटल से करीब 1 किलोमीटर दूर मीणा मार्किट में शराब ठेकेदार शांतनु की हत्या हुई थी। 13 जून की रात को दिल्ली अमृतसर नेशनल हाईवे पर शराब कारोबारी शांतनु का गोलियां मारकर हत्या की गई थी। शाहाबाद मारकंडा में गोली चलने की यह चौथी घटना है। वहीं वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बदमाशों ने सबसे पहले होटल के अंदर रिसेप्शन को निशाना बनाया और वहां करीब 5 गोलियां चलाईं। सौभाग्य से उस समय रिसेप्शन पर कोई मौजूद नहीं था। फायरिंग से होटल के अंदर सभी शीशे टूट गए। इसके बाद उन्होंने पार्किंग में खड़ी गाड़ियों और होटल के ओपन एरिया में करीब 15 राउंड फायर किए। इस दौरान एक स्विफ्ट कार सहित तीन गाड़ियों को नुकसान पहुंचा।

**फायरिंग करते युवक**



#### आरोपियों की तलाश के लिए 7 पुलिस टीमों का गठन

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी रामकुमार, थाना प्रभारी और सीआईए स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से कई कारतूसों के खोल बरामद किए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। डीएसपी ने बताया कि बदमाश बिना नंबर प्लेट की बुलेट बाइक पर 2 नकाबपोश सवार थे। आरोपियों की तलाश के लिए 7 पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस अधीक्षक नितीश अग्रवाल ने भी घटनास्थल का दौरा कर मामले की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही होटल परिसर में सुरक्षा के लिए आठ कमांडो तैनात किए गए हैं, जो अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी देंगे। वहीं हमलावरों ने होटल के रिसेप्शन पर एक धमकी भरी पर्ची फेंकी, जिसमें एक विदेशी मोबाइल नंबर के साथ कौशल चौधरी का नाम लिखा हुआ था। पुलिस ने पर्ची को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने नीतीश अग्रवाल ने मौके का दौरा कर आरोपियों को जल्द पकड़ने के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में लगाई गई हैं जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीमें हर एंगल से जांच कर रही हैं। साथ लगते जिला की पुलिस से भी मदद ली जा रही है। इसके साथ ही शहर के प्रमुख मार्गों और सीमाओं पर नाकाबंदी कर दी गई है।

# एकीकृत पेंशन योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी दो लाख से ज्यादा कर्मचारियों को होगा फायदा

■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में अहम निर्णय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सरकार ने कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत भारत सरकार द्वारा अधिसूचित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को लागू करने का निर्णय लिया है। इस ऐतिहासिक कदम के तहत यह 1 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगी। 1 जनवरी, 2006 को या उसके बाद सरकार सेवा में आए 2 लाख से अधिक कर्मचारियों को लाभ मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। राज्य मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित इस योजना का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को सुनिश्चित पेंशन, पारिवारिक पेंशन और सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन देना है।नई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) राज्य सरकार के कर्मचारी को सेवानिवृत्ति से पहले 12 महीनों के दौरान प्राप्त औसत मूल वेतन का 50% प्रदान करेगी, बशर्ते कर्मचारी 25 साल की सेवा पूरी कर ले। यदि कर्मचारी 10 या उससे अधिक वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त होता है, तो उसे प्रति माह 10,000 रुपये का न्यूनतम गारंटीकृत भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। पेंशनभोगी की मृत्यु की स्थिति में, परिवार को अंतिम आहरित पेंशन राशि का 60% प्राप्त होगा। यह महंगाई राहत सुनिश्चित पेंशन भुगतान और पारिवारिक पेंशन दोनों पर लागू होगी, जिसकी गणना सेवारत कर्मचारियों पर लागू महंगाई भत्ते के समान ही की जाएगी। हालांकि, महंगाई राहत केवल तभी देय होगी जब पेंशन भुगतान शुरू हो जाएगा।

सेवानिवृत्ति के समय एकमुश्त भुगतान की भी अनुमति दी जाएगी, जो अर्हक सेवा के प्रत्येक पूर्ण छह महीने के लिए मासिक परिलब्धियों (मूल वेतन + महंगाई भत्ता) का 10% होगा। यह एकमुश्त राशि सुनिश्चित पेंशन भुगतान को प्रभावित नहीं करेगी।



#### सरकार पर 600 करोड़ रुपये का वार्षिक वित्तीय भार पड़ेगा

वर्तमान नई पेंशन योजना के तहत, कर्मचारी 10% अंशदान करते हैं, जबकि राज्य सरकार 14% योगदान करती है। यूपीएस के कार्यान्वयन के साथ, सरकार का योगदान बढ़कर 18.5% हो जाएगा, इससे सरकार के खजाने पर लगभग 50 करोड़ रुपये मासिक और 600 करोड़ रुपये का वार्षिक वित्तीय भार पड़ेगा। एकीकृत पेंशन योजना के तहत कोष में दो निधियाँ शामिल होंगीः एक व्यक्तिगत कोष जिसमें कर्मचारी अंशदान और हरियाणा सरकार से प्राप्त योगदान शामिल होगा।

## शहीद सैनिकों व अर्धसैनिक बलों के जवानों के बच्चों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना शुरू होगी

**चंडीगढ़।** शहीद सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के बच्चों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना को कैबिनेट की मंजूरी। प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना से प्रेरित इस नई नीति के तहत कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को प्रतिवर्ष 60 हजार की छात्रवृत्ति दी जाएगी। स्नातक तक के विद्यार्थियों को 72 हजार प्रति वर्ष मिलेंगे। स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को 96 हजार प्रति वर्ष छात्रवृत्ति मिलेगी। इस नीति का उद्देश्य शहीद सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जिससे उनका भविष्य उज्जवल और सुरक्षित बन सके।

#### बारहवीं तक 60 हजार, स्नातक को 72 हजार और स्नातकोत्तर को 96 हजार वार्षिक देंगे

सरकार ने संकल्प पत्र में युद्ध में जान गंवाने वाले सैनिक और अर्धसैनिक बलों के कर्मियों के बच्चों को छठी से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों को 60 हजार, स्नातक को 72 हजार और स्नातकोत्तर को 96 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान करने का संकल्प किया था। इस संकल्प को पूरा करते हुए मंत्रिमंडल की बैठक में छात्रवृत्ति योजना को स्वीकृति प्रदान की गई। वर्ष 2006 -07 में भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों को तकनीकी और व्यावसायिक उच्च शिक्षा के लिए प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना आरम्भ की गई थी,जिसमें लड़कों को 2000 रूपये और लड़कियों को 2250 रूपये प्रति माह छात्रवृति मिलती थी जिसे 2019 -20 में बढ़ाकर 2500 और 3000 कर दिया। शहीद सैनिकों के साथ- अर्ध-सैनिकों के बच्चों को भी शामिल करते हुए ऐसी ऐतिहासिक छात्रवृति योजना लेकर आई है। छठी से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों को 60 हजार रुपये,स्नातक को 72 हजार ,स्नातकोत्तर को 96 हजार वार्षिक छात्रवृत्ति मिलेगी। बैठक में मंत्रिमंडल के सदस्य मौजूद रहे।

#### खनन एवं भूविज्ञान विभाग के नियम 2012 में संशोधन

मंत्रिमंडल की बैठक में खनन एवं भूविज्ञान विभाग के नियम 2012 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। संशोधन के तहत किसानों को दिए जाने वाले मुआवजा और रेट की प्रक्रिया को सरल किया है। स्टोन (पत्थर) और सैंड (रेत) की रॉयल्टी को बढ़ाया गया है। स्टोन की रॉयल्टी को 45 से बढ़कर 100 करने की स्वीकृति प्रदान की गई है जबकि रेत की रॉयल्टी को 40 से बढ़कर 80 किया गया। अंतर राज्य खनिज के परिवहन के लिए 100 प्रति टन शुल्क लिए जाने को भी मंजूरी प्रदान की है।

## फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**फरीदाबाद।** गोली चलाने व मारपीट करने के मामले में क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना तिगांव में ओमबीर वासी भुआपुर ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके फार्म पर जिगरी नाम का लडका काम करता है जब वह परचून की दुकान पर सामान लेने गया तो वहां पर प्रिंस ने जिगरी के साथ मारपीट की, जिस पर शिकायतकर्ता ने प्रिंस से मारपीट की वजह पूछी तो प्रिंस, अंकित व सौरव ने देख लेने की धमकी दी। 13 जून की शाम को जब शिकायतकर्ता अपने फार्म से वापिस आ रहा था तो रास्ते में रितिक, सौरव, अंकित व प्रिंस ने उसको रोक लिया और रितिक व सौरव ने उस पर गोली चला दी।

**ई-नीलामी सूचना**

ई-नीलामी फार्म इच्छुक खरीददारों से, "जैसा है जहां है" के आधार पर, विभिन्न प्रकार के मिक्स बिल्डिंग स्क्रैप लगभग मात्रा-10,000 किलोग्राम, निकल स्क्रीन - लगभग मात्रा 3600 किलोग्राम और कपड़ा या धागा - लगभग मात्रा - 20,000 किलोग्राम की आग से क्षतिग्रस्त संपत्तियां, जो मेसर्स पर्व टेक्स इंडिया से संबंधित हैं, के निपटान के लिए आमंत्रित किए जाते हैं। उपरोक्त सामग्रियों के निस्तारण का निरीक्षण मेसर्स पर्व टेक्स इंडिया निंबरी-बापोली रोड, गांव बेहरामपुर, पानीपत-132103 पर किया जा सकता है। 27/06/25 से 03/07/25 के बीच, श्री तरुण गर्ग मोबाईल नंबर - 9991144492 से पूर्व नियुक्ति लेने के बाद। ई-नीलामी 04/07/25 को होगी। ई-नीलामी फॉर्म के लिए, श्री नीरज सदाना से मोबाईल - 8434340000 पर संपर्क करें।

**ई-नीलामी इनसाइट्स प्राईवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)**

पता: 148, स्ट्रीट #11, माखड़ा एन्क्लेव, नजदीक गुरूद्वारा साहिब मालोमाजरा, तहसील और जिला पटियाला, पंजाब-147001 या अधिक जानकारी के लिए हमें ईमेल करें info@eauctionbharat.com

ई-नीलामी फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 03/07/2025 को शाम 05:00 बजे से पहले है।

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी

# पटना पहुंची ईसी की टीम, प्रक्रिया, सुरक्षा और बूथ प्रबंधन की करेगी समीक्षा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है और तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं चुनाव आयोग भी निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर अपनी तैयारियों में जुट गया है।

इसी सिलसिले में गुरुवार को चुनाव आयोग की टीम पटना पहुंची। इस टीम में 9 सदस्य शामिल हैं। बताया जा रहा है कि टीम पहले राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ मुलाकात करेगी और चुनावी प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था और बूथ प्रबंधन की समीक्षा भी करेगी।

**राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ करेगी मंथन**

**मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी ली**

## 3 दिन तक प्रमंडलीय मुख्यालयों में होगी बैठक




बताया गया कि टीम में शामिल अधिकारी अगले तीन दिनों तक अलग-अलग प्रमंडलीय मुख्यालयों में बैठक करेंगे। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि यह टीम सभी प्रमंडलों के आयुक्त और सभी निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इस दौरान राज्य को चार भागों में बांटकर सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी की मौजूदगी में निर्वाचन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचन पदाधिकारी संग प्रशिक्षण बैठक करेगी।

**पटना, बेगूसराय, मोतिहारी और पूर्णिया में प्रशिक्षण बैठक होगी**

अलग-अलग टीम पटना, बेगूसराय, मोतिहारी और पूर्णिया में चुनाव संबंधी प्रशिक्षण बैठक करेगी। बुधवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन विभाग में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के राज्यस्तरीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी। इस क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 25 जून से 26 जून जुलाई तक चुनाव आयोग के निर्देश पर चलने वाले घर-घर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी थी।

### राज्य स्तरीय प्रतिनिधियों को भी बुलाया

इस बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव आयोग के निर्देश की प्रति भी उपलब्ध कराई गई। इस क्रम में बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के राज्य स्तरीय प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि उनके प्रतिनिधि जिलास्तरीय बैठकों में अनिवार्य रूप से भाग लें ताकि उनके सुझाव प्राप्त हो सकें। बताया गया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के स्तर पर मतदाता सूची के युक्तिकरण के क्रम में राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर सुझाव प्राप्त किया जाना है।

*वोटर लिस्ट को लेकर ममता का ईसी पर हमला*

## प्रक्रिया पर उठाए सवाल, एनआरसी से की तुलना



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बिहार चुनाव के नाम पर पूरे देश में एनआसी जैसी प्रक्रिया लागू करने की तैयारी हो रही है। उन्होंने इसे देश के लोकतंत्र के लिए खतरनाक और अलार्मिंग करार दिया। ममता ने कहा कि राज्य सरकार को चुनाव आयोग से कुछ दस्तावेज प्राप्त हुए हैं, जिनमें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए माता-पिता के जन्म प्रमाण पत्र जमा करने की बात कही गई है।

**इनका असली निशाना बंगाल**

ममता का कहना है कि यह फिलहाल बिहार में लागू किया गया है, लेकिन साफ है कि इसे देश के हर राज्य में लागू किया जाएगा। असली निशाना बंगाल है, क्योंकि वे प्रवासी मजदूरों और गरीब वोटरों से डरते हैं। ममता ने सवाल उठाया कि गरीबों और श्रमिकों के पास अपने माता-पिता के प्रमाण पत्र कहां से आएंगे? उन्होंने इस नई प्रक्रिया को अधिक खतरनाक बताया। ये लोग जान-बूझकर गरीबों और युवा वोटरों का हक छीनना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप

### महिला ने रेलवे पटरी पर दौड़ाई कार, रुकी रहीं ट्रेनें



**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाहरी इलाके में गुरुवार सुबह एक महिला ने रेल की पटरियों पर कार चलाई, जिससे ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं। पुलिस ने बताया कि महिला ने यहां शंकरपल्ली में करीब आठ किलोमीटर तक कार चलाई। पुलिस के अनुसार महिला मानसिक रूप से परेशान लग रही थी और उसने कार रोकने पर पुलिसकर्मियों से झगड़ा करने की कोशिश की।

### 'आप' के पूर्व मंत्री जैन सौरभ पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की एसीबी ने आप की पिछली सरकार में स्वास्थ्य अवसंरचना



परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में पूर्व मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों भारद्वाज और जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एसीबी ने कार्रवाई की।

### 'ईगल' ने मांगी महाराष्ट्र हरियाणा की मतदाता सूची

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** चुनाव आयोग ने पिछले दिनों राहुल गांधी की चुनावी शिकायत दूर करने के लिए मिलने का सुझाव दिया था ताकि सामने बैठ कर वे सवालों के जवाब लें। इसके जवाब में कांग्रेस की 'ईगल टीम' ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर जवाब दिया। टीम ने महाराष्ट्र और हरियाणा की मतदाता सूची और मतदान फुटेज हफ्ते भर में उपलब्ध कराने की मांग की। जानकारी से मिलान कर एक रिपोर्ट के साथ पार्टी हाईकमान चुनाव आयोग के साथ बैठेगा।

### महाराष्ट्र में 10 फीसदी तक सस्ती की बिजली

**मुंबई।** महाराष्ट्र के लोगों के लिए फडणवीस सरकार ने बिजली के दामों में बड़ी कटौती करने का



ऐलान किया है। ये सबसे बड़ी कटौती है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि राज्य में बिजली के दाम में 1 साल में 10 फीसदी और आने वाले 5 वर्षों में 26 प्रतिशत तक की कटौती की जाएगी।

केंद्र सरकार के आधिकारिक भाषा विभाग के समारोह में बोले अमित शाह

# हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी, किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए

## चिकित्सा और इंजीनियरिंग शिक्षा स्थानीय भाषा में प्रदान करने का आह्वान




**भारत में बोली जाती हैं कुल 459 भाषाएं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं है, बल्कि यह सभी भारतीय भाषाओं की सखी है और देश में किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार के आधिकारिक भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सभी राज्य सरकारों से चिकित्सा और इंजीनियरिंग शिक्षा स्थानीय भाषा में प्रदान करने की पहल करने भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सभी राज्य सरकारों को प्रशासनिक कामकाज में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने में मदद करेगा। गृह मंत्री ने कहा, ''मेरा पूर्ण विश्वास है कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं हो सकती। शाह ने कहा कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं मिलकर देश की संस्कृति के स्वाभिमान को और बढ़ा सकती हैं। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि गुलामी की मानसिकता से सभी को मुक्ति मिलनी चाहिए और जब तक कोई व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा या अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक वह व्यक्ति गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता।

- *हमारी सभी भाषाएं मिलकर हमारे भारत को एकजुट करेंगी*
- *हम अपनी भारतीय भाषाओं का विकास करेंगे, उन्हें समृद्ध बनाएंगे, उनकी उपयोगिता बढ़ाएंगे*
- *कामकाज में भारतीय भाषाओं का इस्तेमाल हो*
- *प्रशासनिक कामकाज और उच्च शिक्षा भारतीय भाषाओं में हो*



### भाषा का गौरव बढ़ाने की होनी चाहिए ललक

उन्होंने कहा, ''किसी भाषा का विरोध नहीं है। किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए। लेकिन अपनी भाषा का गौरव बढ़ाने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा बोलने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा में सोचने की ललक होनी चाहिए।'' शाह ने कहा कि जहां तक देश का सवाल है, भाषा सिर्फ संचार का माध्यम नहीं है, यह राष्ट्र की आत्मा है। शाह ने कहा, ''भारतीय भाषाओं को जीवंत रखना और उन्हें समृद्ध बनाना महत्वपूर्ण है।

**19 जून को केंद्रीय गृह मंत्री ने दिया था ये बयान**

इससे पहले 19 जून को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था- इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है। अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों में भाषा का इस्तेमाल भारत को बांटने के साधन के रूप में किया गया। वे इसे तोड़ नहीं पाए, लेकिन प्रयास किए गए। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमारी भाषाएं भारत को एकजुट करने का सशक्त माध्यम बनें। इसके लिए राजभाषा विभाग काम करेगा। मेरा मानना है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में जो नींव रखी जा रही है, उससे 2047 में एक महान भारत का निर्माण होगा और महान भारत के निर्माण की राह पर हम अपनी भारतीय भाषाओं का विकास करेंगे। उन्हें समृद्ध बनाएंगे, उनकी उपयोगिता बढ़ाएंगे।

## हिंदी को नजरअंदाज नहीं कर सकते, लेकिन पहली कक्षा से अनिवार्य नहीं बनाएं : शरद

**पुणे (भाषा)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) प्रमुख शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि



महाराष्ट्र में हिंदी को कक्षा एक से अनिवार्य नहीं बनाया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि नई भाषा पढ़ानी है तो इसकी शुरुआत कक्षा पांच के बाद की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, १हिंदी को प्राथमिक शिक्षा में अनिवार्य नहीं बनाना चाहिए। कक्षा पांच के बाद हिंदी (की पढ़ाई) शुरू करने पर कोई आपत्ति नहीं है। देश का एक बड़ा वर्ग हिंदी बोलता है और ऐसे में पूरी तरह से इस भाषा को नजरअंदाज करने की कोई वजह नहीं है। हालांकि, पवार ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर युवा छात्रों पर अतिरिक्त भाषाओं का बोझ डालना उचित नहीं है। पवार (80) की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच आई है, जो पिछले सप्ताह राज्य सरकार द्वारा एक संशोधित आदेश जारी करने के बाद शुरू हुआ था, जिसमें कहा गया था कि हिंदी को आम तौर पर कक्षा एक से पांच तक मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाएगा।

### माता-पिता को हो अधिकार

पवार ने कहा कि माता-पिता को यह निर्णय लेने का अधिकार होना चाहिए कि उनके बच्चों को कक्षा पांच के बाद हिंदी सीखने की आवश्यकता है या नहीं। उन्होंने कहा, अगर हम छात्रों पर दूसरी भाषा का बोझ डालेंगे और इस प्रक्रिया में मातृभाषा को दरकिनार कर दिया जाएगा, तो यह उचित नहीं है। राज्य सरकार को कक्षा एक से हिंदी अनिवार्य करने की अपनी जिद छोड़ देनी चाहिए।

वीजा आवेदकों के लिए अमेरिका का तुगलकी फरमान

## पांच साल से प्रयोग किए जा रहे सभी सोशल मीडिया हैंडल के 'यूजरनेम' सार्वजनिक करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के वीजा की इच्छा रखने वाले लोगों खासकर छात्रों को अब बीते पांच सालों से प्रयोग किए जा रहे अपने तमाम सोशल मीडिया हैंडल के यूजरनेम सार्वजनिक करने पड़ेंगे। ऐसा न करने पर उन्हें दुनिया के शीर्ष पसंदीदा देश का वीजा नहीं मिलेगा या भविष्य में भी इससे जुड़ी हुई सारी गुंजाइश खत्म हो जाएगी। यह जानकारी भारत में अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में जारी किए गए एक संक्षिप्त बयान के जरिए दी। जिसमें दूतावास ने एक बार फिर से दोहराते हुए कहा कि अमेरिका का वीजा से संबंधित प्रत्येक निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा निर्णय है। उधर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वीजा या आव्रजन मामले किसी भी देश के संप्रभु कार्यों से संबंधित हैं। भारत का मानना है कि उसके नागरिकों के सभी वीजा आवेदनों पर योग्यता के आधार पर विचार किया जाना चाहिए। हम संबंधित विषय पर अमेरिकी पक्ष के साथ संपर्क में हैं। जिससे भारतीय नागरिकों के वैध हितों की रक्षा की जाए। उन्होंने सोशल मीडिया पहचानकर्ताओं के प्रावधान से जुड़े अमेरिका के दिशानिर्देशों को देखने की पुष्टि की।

### विमान हादसाः ब्लैक बॉक्स की मेमोरी हुई एक्सेस

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की फ्लाइट 12 जून को अहमदाबाद में टेक-ऑफ के तुरंत बाद क्रैश हो



गई थी। इस हादसे की जांच कर रही एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) को बड़ी सफलता मिली है। सरकार ने गुरुवार को बताया कि विमान के ब्लैक बॉक्स से कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

### यूट्यूब से लाइव स्ट्रीमिंग को उम्र 16 साल जरूरी

**नई दिल्ली।** गूगल ने अपनी पॉलिसी में एक बदलाव कर दिया है, जिसके बाद वीडियो स्ट्रीमिंग




प्लेटफॉर्म यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीमिंग की उम्र में बदलाव कर दिया है। ये नया नियम 22 जुलाई से लागू होने जा रहा है। कंपनी ने ये बदला चाइल्ड प्रोटेक्शन पॉलिसी को बेहतर करने के इरादे किया है। 22 जुलाई के बाद यूट्यूब से लाइव स्ट्रीमिंग करने वालों की उम्र कम से कम 16 साल होनी चाहिए, अभी 13 साल है।

### आपातकाल पर कांग्रेस ने भाजपा पर किया केस

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल पर अपमानजनक पोस्ट को लेकर बवाल मचा है। कर्नाटक कांग्रेस नेता एस मनोहर ने भाजपा के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। एक्स पोस्ट में इंदिरा का एक एआई जनरेटेड वीडियो दिखाया गया था। इसमें इंदिरा की फोटो पर छोटी मूंछें दिखाई गई थीं।

सूची में संशोधन प्रक्रिया शुरू की

## 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को हटाएगा आयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- ये दल छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर, 345 पंजीकृत अपंजीकृत राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। ये दल पिछले छह वर्षों (2019 से) में एक भी चुनाव में हिस्सा लेने में विफल रहे हैं और इनके कार्यालयों का भौतिक रूप से कहीं भी पता नहीं चल सका। ये 345 आरयूपीपी देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। आयोग के संज्ञान में आया है कि वर्तमान में ईसीआई के साथ पंजीकृत 2 हजार 800 से अधिक आरयूपीपी में से कई दल उन आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं, जो एक आरयूपीपी के रूप में बने रहने के लिए जरूरी हैं। इसके लिए, ईसीआई ने देशव्यापी अभियान चलाया, जिसके तहत अब तक 345 ऐसे दलों की पहचान की गई है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने स्पष्ट किया

## दो-पहिया वाहन के टोल पर पूरी तरह से छूट जारी रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- एनएचएआई ने कहा- टोल का ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं



गुरुवार को दोपहिया वाहनों पर टोल टैक्स लगाने की खबरें वायरल होने लगीं। हालांकि, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसपर सफाई देते हुए इन खबरों को गलत बताया है। उनका कहना है कि ये खबरें भ्रामक हैं और पूरी तरह से गलत हैं। दो-पहिया वाहन के टोल पर पूरी तरह से छूट जारी रहेगी। वहीं, इन खबरों को लेकर एनएचएआई ने भी एक्स हैंडल पर बयान जारी किया है। एनएचएआई यह स्पष्ट करना चाहता है कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। दोपहिया वाहनों के लिए टोल शुल्क लगाने की कोई योजना नहीं है। वायरल हो रही खबरों में दावा किया जा रहा था कि एनएचएआई 15 जुलाई, 2025 से सभी नेशनल हाईवे पर दोपहिया वाहनों से टोल वसूलने की योजना बना रही है। बता दें कि अब तक दोपहिया वाहनों को नेशनल हाईवे पर टोल मुक्त रखा गया है।

*540 करोड़ का ड्रग और मनी लान्ड्रिंग का मामला*

## 7 दिन की रिमांड पर बिक्रम मजीठिया प्रदर्शन कर रहे अकाली नेता गिरफ्तार

### शिरोमणि अकाली दल ने नारेबाजी और विरोध किया

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

पंजाब विजिलेंस ने 540 करोड़ के ड्रग व मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ



नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को अमृतसर से गिरफ्तार किया था। मजीठिया को अदालत ने 7 दिन के रिमांड पर भेजा है। उनकी पत्नी विधायक गनीव कौर के चंडीगढ़ स्थिति आवास पर भी विजिलेंस की टीम ने दबिश दी। समर्थकों ने विरोध किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### सर्चिंग कर सबूत जुटाया

विजिलेंस की टीम ने मजीठिया के आवास पर सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े बारह बजे तक सर्च अभियान चलाया। कई महत्वपूर्ण सबूत इकट्ठे किए। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद विजिलेंस के एआईजी स्वर्णदीप सिंह की अगुआई में टीम मजीठिया को मोहाली लेकर पहुंची। जांच टीम ने बताया कि मजीठिया के स्टाफ और मजीठा हलके से विधायक उनकी पत्नी कौर ने पुलिस को किसी तरह का सहयोग नहीं दिया। मजीठिया के खिलाफ मोहाली विजिलेंस थाने में आमदनी से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि जांच के दौरान एसआईटी को मजीठिया के खिलाफ ड्रग मनी और हवाला कारोबार करने के सुबूत मिले हैं।

*बंबई उच्च न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया*

## पत्नी कमाने वाली हो, तो भी उसे गुजारा भत्ते से वंचित नहीं किया जा सकता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा है कि एक महिला को अलग रह रहे अपने पति से मिलने वाली वित्तीय सहायता से सिर्फ इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह कमाती है। न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने 18 जून के आदेश में कहा कि पत्नी उसी जीवन स्तर की हकदार है, जिस तरह का जीवन वह पति से अलग होने से पहले ससुराल में गुजार रही थी। फैसले की प्रति गुरुवार को दी।

**न्यायमूर्ति मंजूषा ने की टिप्पणी**



**याची की याचिका खारिज की**

अदालत ने व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसे अगस्त 2023 के कुटुंब अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दायर किया गया था। अदालत ने व्यक्ति को अपनी पत्नी को 15,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि पत्नी कामकाजी महिला है।

**याची को जिम्मेदार माना :** न्यायमूर्ति देशपांडे ने कहा कि केवल इसलिए कि पत्नी कमा रही है, उसे अपने पति से मिलने वाली आर्थिक सहायता से वंचित नहीं किया जा सकता है। याचिकाकर्ता पत्नी की तुलना में कहीं अधिक कमाता है, जबकि उसकी कोई वित्तीय जिम्मेदारी नहीं है।

रथ यात्रा से पहले हजारों लोग पुरी के प्राचीन मंदिर में उमड़े

## रत्न बेदी पर भगवान जगन्नाथ के 'नबाजौबन' दर्शन किए

**मंदिर सुबह आठ बजे से 10.30 बजे तक भक्तों के लिए खुला रहा**

एजेंसी ▶▶ पुरी

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा से एक दिन पहले बृहस्पतिवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु ओडिशा के पुरी में 12वीं सदी के मंदिर में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के 'नबाजौबन दर्शन' के लिए उमड़ पड़े। श्रद्धालु सूर्योदय से पहले ही मंदिर के 'सिंह द्वार' पर पहुंच गए और 'रत्न बेदी' (गर्भगृह में पवित्र मंच) पर भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के 'नबाजौबन दर्शन' (युवा रूप) किए। स्नान अनुष्ठान के बाद 11 जून को भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के सार्वजनिक दर्शन बंद कर दिए गए थे।



**अस्वस्थ हो जाने के कारण सार्वजनिक दर्शन नहीं होते**

शोधकर्ता भास्कर मिश्रा ने कहा कि माना जाता है कि स्नान अनुष्ठान के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा अस्वस्थ हो जाने के कारण सार्वजनिक दर्शन के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं। रथ यात्रा से पहले पखवाड़े भर तक वे 'अनासर घर' (अलगाव कक्ष) में पृथक-वास में रहते हैं। मंदिर सुबह 8-10.30 बजे तक खुला रहेगा।

महाकुंभ के बाद अब पुरी रथ यात्रा में सेवा देगा अडाणी समूह

## 40 लाख को भोजन और पेय पदार्थ निशुल्क देगा

अडाणी समूह भारत के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक आयोजन में से एक ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा में सेवा देगा। इस वर्ष की शुरुआत में



समूह ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान लोगों को भोजन कराने की अपनी स्वयंसेवी पहल की थी। समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी का मानना है कि 'सेवा ही साधना है' और इसी को ध्यान में रखते हुए समूह 26 जून से 8 जुलाई तक व्यापक सेवा शुरू कर रहा है।

**कपड़े, जैकेट, छाते और रेनकोट दिए जाएंगे**

इस पहल के तहत करीब 40 लाख भोजन तथा पेय पदार्थ तीर्थयात्रियों और अधिकारियों को निःशुल्क वितरित जाएंगे। समुद्र तट की सफाई और आधिकारिक स्वयंसेवकों के लिए निःशुल्क टी-शर्ट; नगरपालिका कर्मचारियों के लिए 'फ्लोरोसेंट' सुरक्षा बनियान और अधिकारियों तथा भक्तों को विभिन्न प्रकार की जैकेट, रेनकोट, टोपी और छाते भी दिए जाएंगे।

# किया दावा, हमारे हमलों ने रोका इजराइल-ईरान युद्ध, वरना होती परमाणु जंग

ट्रंप ने फिर खुद की पीठ थपथपाई

ट्रंप ने कहा कि 12 दिनों के युद्ध के दौरान तेहरान 'नरक से गुजरा' है और यही वजह है कि अब उसे अपनी परमाणु हथियार महत्वाकांक्षाओं का त्याग करना पड़ा है। मुझे नहीं लगता कि वे फिर कभी ऐसा कर पाएंगे

## अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर हमला किया

## अमेरिका के कारण ईरान को परमाणु कार्यक्रम छोड़ना पड़ा

एजेंसी ▶▶ हेग

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान-इजराइल युद्ध को रूकवाने में फिर खुद की पीठ थपथपाई है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी हमलों के कारण ही 12 दिनों से चली आ रही ईरान-इजराइल जंग रुकी है। उन्होंने दोनों देशों के बीच युद्ध रोकने का श्रेय लेते हुए कहा कि जब अमेरिकी बमबर्षकों ने ईरानी परमाणु ठिकानों पर भारी-भरकम बम गिराए, तब यह युद्ध अनिवार्य रूप से बंद हो सका।

नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने हेग गए ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी हमलों की वजह से ही दोनों देशों की शत्रुता पर ब्रेक लग सकी है। राष्ट्रपति ट्रंप ने दोनों पक्षों को हुए भारी जान-माल के नुकसान का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले दो



सप्ताह के हमलों के दौरान ईरान और इजराइल ने बड़े पैमाने पर अपने लोगों को खोया है और संपत्ति की नुकसान उठाई है। उन्होंने ईरान-इजराइल जंग की तुलना विवादास्पद रूप से 1945 में जापान पर अमेरिकी परमाणु हमलों से की, जिसमें जापानी शहर हिरोशिमा और नागासाकी नष्ट हो गए थे।

### ये युद्ध हिरोशिमा और नागासाकी की तरह

*ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका द्वारा ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर हमला करने से यह युद्ध समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि मैं हिरोशिमा और नागासाकी का उदाहरण नहीं देना चाहता, लेकिन ये ठीक उसी तरह से है। जैसे उन दोनों शहरों पर परमाणु हमले ने द्वितीय विश्व युद्ध खत्म करा दिया था, उसी तरह ईरान के तीन ठिकानों पर अमेरिकी हमले ने ईरान-इजराइल जंग खत्म करवा दिया। बता दें, 1945 में अमेरिका ने जापान के शहर हिरोशिमा और नागासाकी पर दो परमाणु बम गिराए थे, जिसमें दो लाख से ज्यादा लोग मारे गए थे। इनमें से अधिकतर नागरिक थे। इस हमले के बाद जापान ने मित्र देशों की सेना के सामने बिना शर्त समर्पण कर दिया था।*

### तेहरान नरक से गुजरा

ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि 12 दिनों के युद्ध के दौरान तेहरान 'नरक से गुजरा' है और यही वजह है कि अब उसे अपनी परमाणु हथियार महत्वाकांक्षाओं का त्याग करना पड़ा है। मुझे नहीं लगता कि वे फिर कभी ऐसा कर पाएंगे। वे अपना तेल ले लेंगे, वे अपनी मिसाइलें ले लेंगे और अपनी रक्षा करेंगे। वे अभी-अभी नरक से गुजरे हैं। वे यूरेनियम के संवर्धन करने की कोशिश कर रहे थे, जो अब करना कठिन है। इसके लिए उन्होंने खरबों डॉलर खर्च किए, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए।

खामेनेई का सीजफायर के बाद बड़ा बयान

## हमने अमेरिका के चेहरे पर थप्पड़ मारा

**दुबई।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने सीजफायर के बाद अपने पहले बयान में अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा है कि हमने अमेरिका के चेहरे पर थप्पड़ मारा है। अमेरिका को अपने हमलों से कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। उनकी तरफ से चेतावनी देते हुए कहा गया है कि अगर भविष्य में अमेरिका ने फिर हमला करने की कोशिश की तो भारी कीमत चुकानी होगी। खामेनेई ने कहा कि जो अमेरिका इजराइल को बचाने के लिए युद्ध में कूदा था, उसे ईरान के लोगों ने जोरदार थप्पड़ मारा है। उन्होंने कहा कि ईरान कभी भी अमेरिका के सामने सरेंडर नहीं रहने वाला है और भविष्य में अगर हमले की कोशिश की गई तो अमेरिकी मिलिट्री बेस पर स्ट्राइक होगी।



**अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत मिली:** खामेनेई ने दावा किया कि उसे अमेरिकी हुकूमत के खिलाफ बड़ी जीत मिली है। अमेरिका तो इस युद्ध में सिर्फ इसलिए कूदा क्योंकि उसे अहसास हो गया था कि अगर अभी मदद नहीं की गई तो इजराइल की जियोनिस्ट सरकार पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### दुखद: हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे का निधन

**रायपुर।** प्रसिद्ध कवि, व्यंग्यकार और आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुरेंद्र दुबे का निधन हो गया। जानकारी के अनुसार डॉ. सुरेन्द्र दुबे का उपचार एसीआई रायपुर में लंबे समय से चल रहा था। हृदय की गति रूकने के कारण गुरुवार दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। इसकी जानकारी उनके परिवार के करीबियों ने एक्स पर देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. दुबे ने पांच पुस्तकें लिखी हैं, भारत सरकार ने उन्हें साल 2010 में भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया था। वे 2008 में काका हाथरसी से हास्य रत्न पुरस्कार के प्राप्तकर्ता भी रहे है।



### कनाडा में भारतीय युवती पर हमला, लूटपाट

**ओटावा।** कनाडा के मैनिटोबा प्रांत की राजधानी विन्निपेग में भारतीय युवती पर उसके घर के पास बेरहमी से हमला कर लूटपाट की गई। इस घटना के सिलसिले में एक 17 वर्षीय लड़की को गिरफ्तार किया गया है। विन्निपेग पुलिस ने बताया कि युवती की पहचान भारतीय समुदाय के सदस्यों ने तनप्रीत कौर (23) के रूप में की है । 23 जून को शाम की पाली खत्म करने के बाद विन्निपेग में वह अपने अपार्टमेंट जा रही थी। इसी दौरान आधी रात के बाद रोसलिन रोड के 1-99 ब्लॉक में दो अजनबियों ने उस पर घात लगाकर हमला कर दिया।



## ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर अलकनंदा नदी में गिरा टैंपो-ट्रैवलर 3 की मौत

वाहन में चालक सहित सवार थे 20 लोग कई घायल

# गंगोत्री, यमुनोत्री व केदारनाथ धाम पर भारी बारिश और भूस्खलन

राजस्थान के उदयपुर से एक परिवार के 17 लोग इस वाहन चारधाम यात्रा पर निकले थे। जो केदारनाथ दर्शन के बाद गुरुवार सुबह बदरीनाथ दर्शन के लिए निकले थे। पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

गंगोत्री, यमुनोत्री व केदारनाथ धाम पर भारी बारिश और भूस्खलन से श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हो रही है। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जनपद में गुरुवार सुबह ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर घोलतीर के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बदरीनाथ दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों का एक टेंपो-ट्रेवलर अनियंत्रित होकर सीधे अलकनंदा नदी में जा गिरा। वाहन में चालक सहित 20 लोग सवार थे। जिनमें 17 लोग एक ही परिवार के थे। हादसे में लापता एक महिला का शव धारी देवी के समीप रेस्क्यू किया गया है। महिला की शिनाख्त गौरी सोनी के रूप में हुई है।

घटना की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। बता दें, 17 जून को राजस्थान के उदयपुर का यह परिवार चारधाम की यात्रा के लिए रवाना हुआ था। गंगोत्री, यमुनोत्री व केदारनाथ धाम के दर्शन करने के बाद दल अब अपनी अंतिम यात्रा पर बदरीनाथ के लिए गुरुवार सुबह रुद्रप्रयाग से निकला। सभी यात्री समय पर तैयार हो गए और रुद्रप्रयाग में रैंतोली स्थित होटल से नाश्ता करने के बाद सभी खुशी खुशी भगवान बदरीनाथ के दर्शन के लिए बस में बैठे। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

3 गंभीर घायलों को एयर लिफ्ट किया



### यात्री नदी की तेज धार में बहे

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के वक्त तीन लोग वाहन से बाहर छिटककर गिर गए, जिन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं वाहन के अन्य यात्री नदी की तेज धार में बह गए। घटनास्थल से एक शव बहकर शिवपुरी तक पहुंचा, जिसे रेस्क्यू कर निकाला गया। एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमों ने अलकनंदा नदी में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है, लेकिन तेज बहाव और दुर्गम स्थल के कारण राहत कार्य में खासी मुश्किलें आ रही हैं।

### रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया

पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। तीन गंभीर घायलों को एयर लिफ्ट किया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि अब तक 9 लोगों को रेस्क्यू किया गया है, जिनमें तीन की मौत हो चुकी है। मृतकों में दो महिला शामिल है।

### सीएम धामी ने जताया दुख

सीएम धामी ने कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग में एक टेंपो ट्रैवलर के नदी में गिरने का समाचार अत्यंत दुःखद है। एसडीआरएफ सहित अन्य बचाव दलों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में निरंतर स्थानीय प्रशासन से संपर्क में हूं।

### बस और कार में टक्कर

ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर देवप्रयाग में शुक्रवार को मूल्यगांव के पास एक बस और कार की आमने-सामने से टक्कर हो गई। इस दौरान कार में सवार दिल्ली के एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएससी पाली भेजा गया है। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बुटोला ने बताया कि रुद्रप्रयाग से ऋषिकेश आ रही एक बस और ऋषिकेश से बदरीनाथ जा रही एक कार मूल्यगांव के पास आपस में टकरा गईं। कार में सवार जनकपुरी, दिल्ली निवासी अजीत सिंह (41 वर्ष), उनकी पत्नी उषा रानी (41 वर्ष) और बेटी कनक (16 वर्ष) घायल हो गए।



### ट्रक ने मारी टक्कर

अस्पताल में भर्ती घायल चालक सुमित कुमार ने पूछताछ में बताया कि रास्ते में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दौरान कुछ लोग वाहन से बाहर छिटक गए। चालक के अलावा अस्पताल में भर्ती अन्य यात्रियों ने भी यही बात बताई। वहीं घायल भावना ने बताया कि रात को रुद्रप्रयाग में रुके थे। आज सुबह लगभग साढ़े सात बजे बदरीनाथ के लिए रवाना हुए थे।



### मां-पापा कहां हो?

हादसे में घायल दस वर्षीय घायल पार्थ अपने माता-पिता को खोजते हुए लगातार यही कहता रहा– मां... पापा... कहां हो? फिर बोला- बदरीनाथ तुमने ये क्या कर दिया। डॉक्टर और नर्स उसे ढांढस बंधाते रहे, लेकिन उसका मासूम दिल हर पल दरवाजे की ओर ताकता रहा। इस हृदयविदारक दृश्य ने अस्पताल में मौजूद हर शख्स को भावुक कर दिया।



## छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि जिले के अबूझमाड़ इलाके में कोहकामेटा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली माओवादियों की कुतुल एरिया कमेटी की सदस्य सीमा और पार्टी सदस्य लिंगे उर्फ रांझू को मार गिराया है। सुंदरराज ने बताया कि नक्सली सीमा के सिर पर पांच लाख रुपये तथा लिंगे पर एक लाख रुपये का इनाम था। अधिकारी ने बताया कि माओवादियों के माड़ डिवीजन के वरिष्ठ कैडरों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों को बुधवार को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। इस अभियान में नारायणपुर और कोंडागांव जिलों के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवान, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 41वीं और 45वीं बटालियन के जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार शाम को जब सुरक्षाबलों के जवान क्षेत्र में थे तब सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई।

कुतुल एरिया कमेटी की सदस्य सीमा और पार्टी सदस्य लिंगे उर्फ रांझू को मार गिराया

### नौसेना प्रमुख अलंकरण समारोह में नौसैन्य कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रदान करेंगे

**नई दिल्ली (भाषा)।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी 27 जून को यहां आयोजित होने वाले एक अलंकरण समारोह में नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धि और उच्च स्तर की विशिष्ट सेवा प्रदान करने वाले नौसेना कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रदान करेंगे। समारोह का आयोजन नवनिर्मित नौसेना भवन में पहली बार किया जाएगा। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि समारोह के दौरान राष्ट्रपति की ओर से नौसेना प्रमुख वीरता और विशिष्ट पुरस्कार प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि पुरस्कारों में एक युद्ध सेना पदक (वाईएसएम), नौसेना पदक (वीरता), 13 नौसेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण) और 17 विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। प्रवक्ता ने बताया कि नौसेना प्रमुख जीवन बचाने के लिए जीवन रक्षा पदक, उड़ान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कैप्टन रवि धीर स्मृति पदक और उत्कृष्ट शोध के लिए लेफ्टिनेंट वी. के. जैन स्मृति पदक भी प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान यूनिट प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

सुरक्षाबलों के हाथ लगी बड़ी कामयाबी

## मार गिराया जैश-ए-मोहम्मद का 1 आतंकी, मुठभेड़ जारी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। सेना ने एक आतंकी को मार गिराया है जबकि तीन के घिरे होने की खबर है। दोनों तरफ से फायरिंग हो रही है। मुठभेड़ में मारा गया आतंकी जैश-ए-मोहम्मद का है। जानकारी के मुताबिक, बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में आंतकियों के देखे जाने की सूचना पर सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकियों ने खुद को घिरा देख सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी।

### सीमा पर हुई घुसपैठ

*मंगलवार सुबह पाक सेना की मदद से 3 से 4 आतंकवादियों का एक ग्रुप घुसपैठ करके भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान भारतीय सेना के सतर्क जवानों ने गोलीबारी करके उन्हें खदेड़ दिया था। गोलीबारी में एक आतंकवादी ढेर भी किया था। उसका शव मंगलवार देर रात तक एलओसी पर ही पड़ा हुआ था। सूत्रों ने बताया कि रात के अंधेरे मे पाकिस्तान सेना की मदद से आतंकी का शव उसके अन्य साथी उठा ले गए हैं।*



### राजोरी के केरी सेक्टर में तलाशी अभियान

राजोरी के नियंत्रण रेखा के केरी सेक्टर के बारात गाला क्षेत्र में मंगलवार को आतंकवादियों के घुसपैठ करने के प्रयास के बाद गुरुवार को भी सेना ने लगातार क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। लगातार दूसरे दिन भारतीय सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी करके खोजी कुत्तों और ड्रोन की मदद से जगह-जगह खंगाला, लेकिन कोई आतंकी उनके हत्थे नहीं चढ़ा है।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2025

## आईसीसी के वारंट से डरे पुतिन नहीं होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले सप्ताह ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नहीं जाएंगे क्योंकि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) द्वारा उनके खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट लंबित है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रूस का प्रतिनिधित्व करने के लिए सम्मेलन में जाएंगे। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी इसमें भाग नहीं लेंगे। चीनी पीएम और शी के विश्वासपात्र ली कियांग इसमें भाग लेंगे।

### 2023 में जारी किया गया था गिरफ्तारी वारंट



आइसीसी ने रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू करने के ठीक एक साल बाद वर्ष 2023 में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पुतिन पर यूक्रेन से सैकड़ों बच्चों को निर्वासित करने के युद्ध अपराध का आरोप लगाया गया था। हालांकि, रूस ने युद्ध अपराधों के आरोपों से इनकार किया है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई का बड़ा बयान



## मेरे लिए संसद नहीं, भारत का 'संविधान' ही सर्वोच्च

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान को संसद से ऊपर बताया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि संसद सबसे ऊपर है, लेकिन ऐसा नहीं है। लोकतंत्र के तीनों अंग संविधान के अधीन काम करते हैं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई इससे पहले भी संविधान को संसद से ऊपर बता चुके हैं। अमरावती में बार एसोसिएशन की तरफ से आयोजित किए गए सम्मान समारोह में सीजेआई ने अपनी बात दोहराई। उन्होंने कहा कि संसद को संविधान में संशोधन करने का अधिकार है, लेकिन वह इसकी मूल संरचना को नहीं बदल सकती। इसी वजह से संविधान इस देश में सर्वोपरि है। केसवानंद भारती बनाम केरल राज्य मामले का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने 1973 में 'मूल संरचना' सिद्धांत स्थापित किया था। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायाधीशों के लिए संविधान में एक कर्तव्य निर्धारित किया गया है और केवल सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से कोई स्वतंत्र नहीं बन जाता। उन्होंने यह भी कहा कि फैसले लेते समय एक जज को यह नहीं सोचना चाहिए कि लोग उसके फैसले को लेकर क्या सोचेंगे। एक न्यायाधीश को कानून ने कई कर्तव्य दिए हैं, जिनका पालन होना चाहिए।

**ई-नीलामी सूचना**

ई-नीलामी फार्म इच्छुक खरीददारों से, मेसर्स नेशनल बल्क हैंडलिंग कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के वर्षा जल से क्षतिग्रस्त स्टॉक पूसा 1718 पारबोइल्ड-मात्रा-44,000 किलोग्राम (880 प्रत्येक बैग 50 किलोग्राम) के, "जैसा है जहां है" के आधार पर निपटान के लिए आमंत्रित किए जाते हैं। उपरोक्त सामग्रियों के निस्तारण का निरीक्षण मेसर्स नेशनल बल्क हैंडलिंग कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, गीतिका गोदाम, खेवट नंबर 39, खतौनी नंबर 51, गांव - ललयानी, तहसील, निलोखेड़ी, जिला - करनाल - 132116, हरियाणा में 27/06/25 से 03/07/25 के बीच, श्री संदीप शर्मा मोबाईल नंबर:- 9315164110 और श्री नरेश शर्मा मोबाईल नंबर:- 9315164139 से पूर्व नियुक्ति लेने के बाद किया जा सकता है। ई-नीलामी 04/07/25 को होगी। ई-नीलामी फॉर्म के लिए, श्री नीरज सदाना से मोबाईल - 8434340000 पर संपर्क करें।

**ई-नीलामी इनसाइट्स प्राईवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)**

पता: 148, स्ट्रीट #11, भाखड़ा एन्क्लेव, नजदीक गुरूद्वारा साहिब मालोमाजरा, तहसील और जिला पटियाला, पंजाब-147001 या अधिक जानकारी के लिए हमें ईमेल करें
info@eauctionbharat.com
ई-नीलामी फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 03/07/2025 को शाम 05:00 बजे से पहले है।

भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध के यादगार पलों को किया शेयर, लिखा

# वो युद्ध जो हमने लड़ा और विजय अर्जित की थी

कारगिल विजय दिवस 2025 की तैयारी शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने एक भावुक और प्रेरणादायक संदेश के साथ 'कारगिल विजय दिवस 2025' की तैयारियां शुरू कर दी हैं। हर साल 26 जुलाई को मनाए जाने वाले 'कारगिल विजय दिवस' से ठीक एक महीने पहले भारतीय सेना ने एक पोस्ट किया है, जिसके जरिए युवाओं को प्रेरित करने और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को बढ़ावा देने की कोशिश की गई है।

भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध की याद में एक छोटा-सा वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें 1999 की वीरगाथा की अनमोल झलकियां और संदेश प्रस्तुत किए गए हैं। वीडियो में युद्ध के दौरान की कई तस्वीरें हैं, जिनके नीचे लिखा था कि 1999 में दुश्मन (पाकिस्तानी



भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध की याद में एक छोटा-सा वीडियो सोशल मीडिया पर किया साझा

घुसपैठियों) ने सीमा पार कर ली थी। हमने दृढ़ निश्चय और अडिग भावना के साथ लड़ाई लड़ी। हमने अपनी जमीन के हर इंच की रक्षा की। हर घुसपैठ को कुचल दिया गया। वो ऊंचाइयों के पीछे छिप गए, लेकिन हमारी वीरता और भी ऊंची हो गई। कारगिल विजय दिवस 2025 में 30 दिन शेष हैं, वो युद्ध जो हमने लड़ा था। वो विजय जो हमने अर्जित की थी।

### ऑपरेशन विजय में जीत हासिल की

हर साल 26 जुलाई को मनाया जाने वाला कारगिल विजय दिवस उस दिन की याद दिलाता है जब 1999 में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के तहत पाकिस्तानी घुसपैठियों से कारगिल की रणनीतिक ऊंचाइयों को हासिल किया था। यह युद्ध भारतीय सशस्त्र बलों की राजनीतिक दृढ़ता, सैन्य कौशल और कूटनीतिक संतुलन का प्रतीक माना जाता है। इस युद्ध को न सिर्फ एक सैन्य विजय के रूप में, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति और रणनीतिक समझ की मिसाल के रूप में भी याद किया जाता है।

### कारगिल विजय दिवस 2025, 30 दिन बचे हैं

*भारतीय सेना की ओर से जारी किया गया यह वीडियो 26 जुलाई को मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस के संदर्भ में भारतीय सेना की स्मरण और श्रद्धांजलि को दर्शाता है। सेना ने 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में लिखा कि कारगिल विजय दिवस 2025, 30 दिन बचे हैं। 30 दिन याद रखने के लिए और हमारे वीरों के अतुलनीय शौर्य को नमन। उनका साहस कारगिल की ऊंचाइयों में गूंजता है और भारत की आत्मा में सदा के लिए अंकित है।*

### साइकिल के टायर में छिपाए हुए सोने के 20 बिस्कुट पकड़े

**नई दिल्ली।** भारत-बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सोने और नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बड़ा अभियान चलाते हुए सोने की 20 बिस्कुट पकड़े हैं जो कि साईकिल के टायर में छिपाए हुए थे। बीएसएफ ने बंगाल की भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कार्रवाई की।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका बवानीखेड़ा की कृषि योग्य शेष भूमि एक वर्ष (2025-26) के लिये पट्टे पर दी जानी है, जिसकी पूर्ण जानकारी कार्यालय नगरपालिका बवानीखेड़ा से ली जा सकती है। इस भूमि की बोली नगरपालिका के कार्यालय में दिनांक 01.07.2025 को दोपहर बाद 01:00 बजे कार्यालय नगरपालिका बवानीखेड़ा में निर्धारित की गई है। इच्छूक व्यक्ति धरोहर राशि 10,000/- रुपये जमा करवा कर बोली में भाग ले सकता है। बोली की नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जायेगी। बोली रद्ध करने का अधिकार सचिव / प्रधान नगरपालिका बवानीखेड़ा के पास रहेगा।

**हस्ता/-**
**प्रधान,**
**नगरपालिका बवानीखेडा।**

**हस्ता/-**
**सचिव,**
**नगरपालिका बवानीखेडा।**

संवाद-1078/11/722/2026/35991/C/88/6 दि. 26.06.25

## चिंतन

# एससीओ मंच से आतंकवाद पर चीन-पाक को कड़ा संदेश

आतंकवाद पर कड़ा संदेश देना जरूरी है। चीन का दोगलापन नहीं चलेगा। एक तरफ चीन वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की बात करता है, दूसरी तरफ चीनी प्रभुत्व वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त बयान में पाकिस्तान को खुश करने के लिए पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना का जिक्र तक नहीं किया जाता है, बल्कि बलूचिस्तान में चल रहे बलूच लिब्रेशन आर्मी के विद्रोह में इशारे में भारत के हाथ का उल्लेख किया जाता है। चूंकि एससीओ सम्मेलन चीन में हो रहा है, ऐसे में संयुक्त बयान में सभी सदस्य देशों के हितों को तवज्जो दिलाना चीन का ही दायित्व है। पहलगाम की ताजा आतंकी घटना का एससीओ के बयान में शामिल नहीं करना चीन के आतंकवाद के प्रति दोहरे रवैये को इंगित करता है। भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर चीन और पाकिस्तान को दो टूक संदेश दिया है कि आतंकवाद को लेकर सिलेक्टिव रुख नहीं चलेगा। इसका नतीजा हुआ कि एससीओ का संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका। भारत ने साफ कहा, कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को आश्रय देते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए। शांति और समृद्धि आतंक के साथ नहीं रह सकते। एससीओ सदस्यों से आतंकवाद के खतरे के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने की जरूरत है। यूं तो एससीओ बैठक में क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और सदस्य देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, लेकिन आतंकवाद को लेकर भारत के कड़े रुख व पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट के हाथ की बात जगजाहिर होने के बावजूद एससीओ के संयुक्त बयान में आतंकी घटना की निंदा न होना व पाकिस्तान को लेकर कुछ भी नहीं कहा जाना, एससीओ के लक्ष्य की सार्थकता को ही निरर्थक बना रहा है। एससीओ के ध्येय में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट लड़ाई की बात है। चीन के चलते कभी भी एससीओ में भारत के हितों की रक्षा नहीं होगी, इसलिए भारत का इसमें बना रहना व्यर्थ है, समय व ऊर्जा गंवाने जैसा है। चीन कभी दिल से भारत का हित चाहेगा भी नहीं, इसलिए उसकी छतरी वाले इस संगठन में भारत के रहने का कोई औचित्य ही नहीं है। 2001 में स्थापित, एससीओ में वर्तमान में 10 सदस्य देश हैं- बेलारूस, चीन, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान। चीन की गुप्त कोशिश एससीओ में बांग्लादेश को भी शामिल कराने की है, हालांकि अभी तक इस बाबत कुछ कहा नहीं गया है, पर एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की शिखर बैठक से कुछ दिन पहले 19 जून को चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की चीनी शहर कुनमिंग, युन्नान में पहली बार त्रिपक्षीय बैठक हुई। बांग्लादेश में पिछले साल हुए सत्ता परिवर्तन और पाक-बांग्लादेश के बीच बढ़ती नजदीकी के बाद भारत के खिलाफ चीन, पाक व बांग्लादेश का त्रिकोण बन रहा है। वर्ष 2024 में दिसंबर में मोहम्मद यूनुस और शहबाज शरीफ की मुलाकात के बाद सैन्य और आर्थिक सहयोग शुरू हुआ है। भारत को जहां आतंकवाद के खिलाफ कठोर रुख बनाए रखना है, वहीं इस नए त्रिकोण से निपटने के लिए भी सामरिक व कूटनीतिक तैयारी करनी है।

## शुभ उड़ान

प्रो. आर.के. जैन



# अंतरिक्ष से भारत की हुंकार

जब एक भारतीय ने सितारों को छू लिया, तो वह पल केवल अंतरिक्ष की यात्रा नहीं था, वह 140 करोड़ दिलों की धड़कनों का उत्सव था, भारत की आत्मा का उद्घोष था, हमारी सांस्कृतिक विरासत का ब्रह्मांड में लहराता तिरंगा था। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने जब ड्रैगन कैप्सूल से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर कदम बढ़ाया, तो वह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की उड़ान नहीं थी, वह भारत के सपनों, संकल्प और वैज्ञानिक शक्ति की अनंत यात्रा थी। यह वह क्षण था जब भारत ने न केवल धरती की सीमाएं लांघीं, बल्कि सितारों के पार अपनी पहचान को अमर कर दिया। 25 जून 2025 को, भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे, फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स का फाल्कन-9 रॉकेट आकाश को चीरता हुआ अंतरिक्ष की ओर बढ़ा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार थे भारतीय वायुसेना के शुभांशु शुक्ला, जो एक्सिओम-4 मिशन के पायलट की भूमिका में थे। उनके साथ थे कमांडर पैगी व्हिटसन (पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री, अमेरिका), मिशन विशेषज्ञ स्लावोश उज्नांस्की-विस्निव्स्की (पोलैंड), और तिबोर कपु (हंगरी)। यह मिशन नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स की साझेदारी का प्रतीक है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का समर्थन प्राप्त है। लॉन्च के महज 10 मिनट बाद, शुभांशु और उनकी टीम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे थे। यह 14-दिवसीय मिशन 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों का मंच है, जिनमें सात इसरो द्वारा डिजाइन किए गए हैं। ये प्रयोग भारत की वैज्ञानिक प्रगति को विश्व मंच पर चमकाने का अवसर हैं, जो न केवल तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि भारत के भविष्य के अंतरिक्ष सपनों का आधार भी है। शुभांशु की यह यात्रा 1984 में राकेश शर्मा की ऐतिहासिक सोवियत सैल्यूट-7 मिशन के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में शानदार वापसी है। 41 साल बाद, शुभांशु आईएसएस पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने जा रहे हैं, जो भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम स्याही से लिखा जाएगा। यह केवल एक व्यक्ति की उड़ान नहीं, बल्कि भारत की उस जिजीविषा का प्रतीक है, जो सीमाओं को तोड़कर अनंत की ओर बढ़ रही है। इस मिशन की आत्मा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत है। शुभांशु ने अपने साथ एक सॉफ्ट टॉय हंस लिया, जिसे भारतीय शास्त्रों में ज्ञान और विवेक का प्रतीक माना जाता है। यह हंस अंतरिक्ष की अनंतता में तैर रहा है, जैसे भारत की सांस्कृतिक विरासत सितारों के बीच अपनी चमक बिखेर रही हो। लॉन्च के दौरान, उनके कंधे पर लहराता तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं था, वह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, गर्व और एकता का प्रतीक था। यह तिरंगा गर्व से कह रहा था कि यह उड़ान केवल शुभांशु की नहीं, बल्कि हर उस भारतीय की है, जो खेतों से लेकर प्रयोगशालाओं तक, सपनों को हकीकत में बदल रहा है। शुभांशु ने भारतीय खान-पान को भी अंतरिक्ष की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आम का रस, गाजर का हलवा और मूंग दाल का हलवा उनके साथ गए, जो वे अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ साझा करेंगे। इसके अलावा, वे माइक्रोग्रैविटी में योग करने की योजना बना रहे हैं, जिससे भारतीय संस्कृति का वैश्विक मंच पर एक अनूठा प्रदर्शन होगा। यह वह क्षण है जब परंपरा और प्रौद्योगिकी ने एक-दूसरे का हाथ थामा, और भारत ने साबित कर दिया कि वह न केवल विज्ञान में, बल्कि संस्कृति में भी अग्रणी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, यह मिशन भारत के लिए एक मील का पत्थर है। शुभांशु सात भारतीय प्रयोग करेंगे, जिनमें माइक्रोग्रैविटी में मूंग और मेथी के अंकुरण का अध्ययन और मांसपेशियों की हानि का विश्लेषण शामिल है। ये प्रयोग भारत और अमेरिका की साझेदारी का परिणाम हैं और इसरो के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगे। गगनयान, जो 2026 में लॉन्च होने वाला है, भारत का पहला स्वदेशी मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन होगा। शुभांशु, जो इसके लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं, इस मिशन के लिए अमूल्य अनुभव ला रहे हैं। कुल 60 से अधिक प्रयोग, जिनमें सामग्री विज्ञान, जैविक अनुसंधान और मानव स्वास्थ्य पर माइक्रोग्रैविटी के प्रभाव शामिल हैं, भारत के भविष्य के मिशनों—जैसे 2035 तक स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री भेजने के लिए नींव रखेंगे। यह वह दस्तक है जो ब्रह्मांड के दरवाजे पर भारत की उपस्थिति को अमर कर रही है, न केवल एक यात्री के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक के रूप में। यह न कोई अंत है, न कोई पड़ाव। यह तो एक नई शुरुआत है, उस भारत की, जो अब ब्रह्मांड की गहराइयों में अपनी कहानी लिख रहा है, और जिसकी गूंज सितारों से सितारों तक अनंत काल तक गूंजेगी। यह भारत का वह उद्घोष है, जो कहता है कि "हम आए हैं, और हम रहेंगे, धरती पर, आकाश में, और सितारों के पार!"

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



युद्ध विराम

प्रमोद भार्गव

# एटमी अस्त्रों के बहाने युद्ध के मायने

इजरायल ने ट्रंप की शह पर ईरान पर मिसाइलों से हमले इसलिए किए, जिससे उसकी परमाणु क्षमता को नष्ट कर अपने देश की रक्षा कर ली जाए। इसी दौरान अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए और दावा किया कि इन परमाणु संयंत्रों को इतना नुकसान हो गया है कि अब कई साल तक ईरान परमाणु बम नहीं बना पाएगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता नष्ट हो गई है। वहीं पलटवार करते हुए ईरान ने कहा है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा। ट्रंप ने भी कह दिया कि ईरान बम बनाने से बहुत दूर हो गया है। तब इस युद्ध का परिणाम क्या निकला ?

ईरान-इजरायल के बीच 12 दिन युद्ध चला, बीच में अमेरिका द्वारा ईरान के एक साथ तीन परमाणु ठिकानों पर हमला और जवाबी कार्यवाही में ईरान का कतर में स्थित अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर अल-उदैद हमले का आखिरी परिणाम क्या निकला? कहना मुश्किल है। यह युद्ध और इसमें नटखट बच्चे की तरह हरकतें देखने में आई हैं। ये हरकतें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रही हैं। इजरायल ने ट्रंप की शह पर ईरान पर मिसाइलों से हमले इसलिए किए, जिससे उसकी परमाणु क्षमता को नष्ट कर अपने देश की रक्षा कर ली जाए। इसी दौरान आ बैल मुझे मार कहावत को चरितार्थ करते हुए अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए और दावा किया कि इन परमाणु संयंत्रों को इतना नुकसान हो गया है कि अब कई साल तक ईरान परमाणु बम नहीं बना पाएगा।

ये बम बनाना तब और मुश्किल हो गया है, जब इजरायल ने ईरान पर किए पहले ही हमले में वहां के अनेक परमाणु वैज्ञानिकों को मार दिया था। युद्ध के ग्यारहवें दिन ट्रंप ने दावा किया कि दोनों देश युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं। परंतु इस घोषणा के बाद दोनों ही देशों ने एक-दूसरे पर हमले किए। यही नहीं, ईरान ने भी अमेरिका के अरब देशों में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों के संदर्भ में ट्रंप ने कहा कि उसे कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। इसलिए अमेरिका ने ईरान पर कोई जवाबी हमला नहीं किया और ट्रंप ने दावा कर दिया कि उनकी मध्यस्थता से युद्ध विराम लागू हो गया है। कतर ने भी इस युद्ध विराम में मध्यस्थता की भूमिका अदा की, लेकिन इस युद्ध की जरूरत क्या थी, यह सवाल जस का तस बना हुआ है। दरअसल इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता नष्ट हो गई है। वहीं पलटवार करते हुए ईरान ने कहा है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा। ट्रंप ने भी कह दिया कि ईरान बम बनाने से बहुत दूर हो गया है। तब इस युद्ध का परिणाम क्या निकला ? परमाणु हथियारों के जानकार कह रहे हैं कि ईरान के पास 20 परमाणु हथियार बनाने की क्षमता थी, जो अब घटकर 6 बम बनाने की रह गई है। जबकि ट्रंप का घोषित लथ्य था कि ईरान यूरेनियम क्षमता बढ़ाने के लिए जिस तेजी से संवर्धन कर रहा है, वह तय सीमा से बाहर की बात होती जा रही है। लेकिन ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता कम भले ही हो गई हो, पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। यह तथ्य तीनों देशों के आए बयानों से सत्यापित होता है। अतएव ईरान पर किया गया बेवजह हमला, कुछ वैसा ही रहा जैसा 2003 में अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने ईराक पर यह कहते हुए किया था कि ईराक के पास बड़ी मात्रा में जैविक हथियार हैं। जबकि युद्ध के दौरान और युद्ध के बाद अमेरिका जैविक हथियार होने का कोई प्रमाण दुनिया को नहीं दे पाया। हां, सद्दाम हुसैन को मौत के घाट उतारने के बाद तेल के कुओं पर जरूर कब्जा कर लिया। बावजूद यह आशंका बनी हुई है कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर जो बम गिराए हैं, उनसे यदि रिसाव होता है तो एक बड़े भू-क्षेत्र में परमाणु विकिरण का संकट पैदा हो सकता है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु संवर्धन प्रतिष्ठान फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर अत्याधुनिक बी-2 घातक बमों से हमला किया था। इन बमों को सटीक निशाने पर दागने के लिए




अमेरिकी पनडुब्बियों ने पहले दो मिसाइलों से बम गिराए, जिससे बंकर बस्टर बमों के लिए मैदान साफ किया गया। इसके बाद आसमान से एक के बाद एक 14 जीबीयू-57 बी बंकर बस्टर दाग दिया। इस पूरे अभियान को नतीजे तक पहुंचाने के लिए अमेरिका ने 15 युद्धक विमानों का इस्तेमाल किया। उपग्रह द्वारा निर्देशित 2400 किलो परमाणु विस्फोटक साथ ले जाने वाला यह बम जमीन में घूमता हुआ 60 मीटर गहराई तक जाने के बाद विस्फोट करके अपने लक्ष्य साधने में सफल हुआ। अमेरिका ने तीनों ठिकानों पर 14000 किलो विस्फोटक वाले बम गिराए थे, अतएव भविष्य में विकिरण का खतरा पैदा हो सकता है? अमेरिका ने जिन तीन परमाणु स्थलों पर हमला किया है, वह सभी ईरान के प्रमुख यूरेनियम संवर्धन ठिकाने हैं। अमेरिका का यह हमला दुनिया के अंतरराष्ट्रीय कानून और अपने ही देश के कानूनों की परवाह नहीं करता है। इसीलिए अमेरिका के भीतर इस परमाणु हमले को लेकर अमेरिकी जनमत विभाजित दिखाई दे रहा है। दरअसल, किसी देश पर हमला करने के लिए ट्रंप को अमेरिकी संसद में हमले का प्रस्ताव लाकर अनुमोदन की जरूरत थी, परंतु उन्होंने इस प्रक्रिया पर अमल नहीं किया। जबकि अमेरिका की ही बात करें तो अप्रैल 2003 में इराक पर हमले के समय बुश ने संसद से मंजूरी ली थी। इसलिए ट्रंप के समर्थकों के साथ विपक्ष भी नाराज है। नाटो देश भी इस युद्ध पर सहमत दिखाई नहीं दिए। रूस और चीन खुले रूप में ईरान के पक्ष में खड़े दिखाई दिए। चूंकि भारत के ईरान और इजरायल दोनों से ही मधुर, कूटनीतिक संबंध हैं, इसलिए तटस्थ रहते हुए शांति की पहल करता रहा। अंतरराष्ट्रीय कानून परमाणु बम के उपयोग को मानवता के विरुद्ध अमानुषिक कृत्य मानते हैं। इनके उपयोग के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के कठोर आर्थिक व राजनीतिक प्रतिबंधों का सामना भी करना पड़ता है। लेकिन जितनी भी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं हैं, वे सब अमेरिका या अन्य पश्चिमी देशों के दबाव में रहती हैं। यही देश इन संस्थानों को चलाने के लिए धन मुहैया कराते हैं और इन्हीं देशों के लोग इन संस्थानों के सदस्य होते हैं, इसलिए यहां पक्षपात साफ दिखाई देता है। अब ईरान में परमाणु विकिरण फैल भी जाए, तब भी अमेरिका के विरुद्ध कोई प्रतिबंध लगाना असंभव है।

ईरान ने अमेरिकी सहयोग से 1957 में परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद अमेरिका ने ईरान को सहयोग करना बंद कर दिया। बावजूद पश्चिमी देश ईरान पर परमाणु बम बना लेने का आरोप लगाते रहे। परमाणु अप्रसार संधि में शामिल होने के बाद भी ईरान पर शंकाएं की जाती रहीं। इजरायल ने जासूसी करके कुछ ऐसे सबूत जुटाए जिनसे यूरेनियम संवर्धन की आशंका मजबूत हुई। ईरान ने पहले संवर्धन रोक दिया था, लेकिन इजरायल की बढ़ती सामरिक क्षमता के चलते उसने गुपचुप परमाणु कार्यक्रम षुरू कर दिया था। इस कारण ईरान पर पश्चिमी देशों ने यह कहते हुए अनेक आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे कि ईरान परमाणु बम बनाने के निकट पहुंच गया है। बाद में कई साल चली वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने प्रतिबंध हटा लिए थे। इस समझौतें में ईरान को असैन्य यूरेनियम संवर्धन को 3.67 प्रतिशत तक रखना मान्य कर लिया था। लेकिन 2018 में जब डोनाल्ड ट्रंप पहली बार राष्ट्रपति बने तो उन्होंने समझौते से हाथ खींच लिए और ईरान पर कई प्रतिबंध लगा दिए। मई 2025 में आईएईए ने दावा किया कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम की मात्रा 408 किलो है। इससे कई परमाणु बम बनाए जा सकते हैं। इसे ही नष्ट करने के लिए युद्ध और युद्ध विराम का यह खेल खेला गया, लेकिन अब ईरान ने कह दिया है कि वह अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा। तब फिर इस युद्ध के परिणाम क्या निकले।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व




संकलित

दर्शन

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं - जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति, और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम्, शांतम्, अद्वैतम्, चतुर्थम्, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।

# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल




संकलित

प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध को मिले त्वरित न्याय

देश में बढ़ रहे महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध को त्वरित न्याय के लिए फास्टट्रैक कोर्ट के गठन पर गृहमंत्री अमित शाह ने जोर दिया। वाराणसी में आयोजिक एक बैठक में गृहमंत्री ने चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस विषय पर बात की ताकि पीढ़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। देश में जिस तेजी से यौन अपराध बढ़ रहे हैं उसकी रोक थाम के लिए कदम उठाना जरूरी है। देश में जिस तेजी से दुष्कर्म की घटनाएं आए दिनों घट रही है उसकी रोक थाम के लिए फास्टट्रैक कोर्ट का गठन किया जाना चाहिए ताकि प्रभावितों को न्याय मिलने में देरी ना हो और अपराधी बच कर न निकल पाए।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### प्रति व्यक्ति आय बढ़ी

डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य प्रारंभ किए, आज उसका परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के अंदर 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उबारने व अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में मदद मिली है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### नवाचार को बढ़ावा

हमारे युवा वाकई असाधारण रूप से प्रतिभाशाली, तकनीक से प्रेरित और दुनिया का सामना करने के लिए तैयार हैं। यह आपसी विकास का एक अवसर है, जो व्यवसायों के लिए नवाचार को बढ़ावा देगा और साथ ही हमारे राज्य के भविष्य को भी सशक्त बनाएगा।

-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश



### प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन

मध्यप्रदेश प्राकृतिक खेती में अग्रणी है। हम शीघ्र ही प्राकृतिक खेती को अधिक प्रोत्साहन देने वाली योजना बनाएंगे, मंडियों में दोनों प्रकार की फसलों के उपार्जन और विक्रय की व्यवस्था करेंगे, ताकि किसान परेशान न हों।

-डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र



### दुश्मनों की ज़रूरत नहीं

जब ज़ोहरान ममदानी अपना मुंह खोलते हैं, तो पाकिस्तान की पीआर टीम छुट्टी ले लेती है। भारत को उनके जैसे सहयोगी के रूप में दुश्मनों की ज़रूरत नहीं है। वह न्यूयॉर्क से सिर्फ हवा हवाई बातें करते हैं।

-अभिषेक सिंघवी, कांग्रेस सांसद



## करंट अफेयर

# वियतनाम ने आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड किया खत्म

वियतनाम ने कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया। इस फैसले से देश के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में कारावास की सजा काट रहे रियल एस्टेट कारोबारी को राहत मिल सकती है। वियतनाम में कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया गया, जिसमें सरकार को हटाने की कोशिश करना, राज्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना, नकली दवा बनाना व बेचना, युद्ध शुरू करना, जासूसी करना, मादक पदार्थों की तस्करी, गबन और रिश्वत लेना शामिल है। सरकारी मीडिया के अनुसार, वियतनामी सांसदों ने बुधवार को सुधारों को पारित किया।



कानूनी सुधारों के बाद वियतनाम के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में संलिप्तता के लिए मृत्युदंड की सजा पाने वाली ट्रुओंग माई लान को राहत मिल सकती है। लान के वकील फान मिन्ह होआंग ने बृहस्पतिवार को 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि रियल एस्टेट कंपनी 'वान थिन्ह फाट' की 67 वर्षीय अध्यक्ष अब नए नियमों के अनुसार 'मृत्युदंड से छूट के लिए पात्र' होंगी। लान को 12 .5 अरब अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी में शामिल होने के लिए फांसी की सजा दी गयी है।

## ऑफ बीट

# फायदा या नुकसान स्क्रीन कंटेंट पर निर्भर करता है

आज लोग अपना ज्यादातर वक्त स्मार्टफोन, कम्प्यूटर, टैबलेट, टेलीविजन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे डिजीटल स्क्रीन पर



बिताते हैं और इस पर दुनियाभर में विशेषज्ञों तथा माता-पिता के बीच बहस छिड़ी हुई है कि क्या छोटे बच्चों को इन डिजीटल उपकरणों का इस्तेमाल करने देना चाहिए। तो फिर 'स्क्रीन टाइम' का बच्चे के तंत्रिका-मनोवैज्ञानिक विकास पर वास्तविक प्रभाव क्या है? कई बाल चिकित्सा संघ बचपन में खासतौर से पांच साल की आयु तक के बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित रखने की सलाह देते हैं लेकिन अनुसंधान से पता चलता है कि यह तस्वीर पूरी तरह से सच नहीं है। बच्चे स्क्रीन टाइम में क्या देखते हैं, वह इसके प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण है। कई अध्ययनों में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि स्क्रीन के लंबे समय तक उपयोग से बच्चों में आंखों की थकान, आंखों में सूखापन और निकट दृष्टि दोष हो सकता है। इसके अलावा, बच्चों को जिस प्राकृतिक उत्तेजना की ज़रूरत होती है, तकनीक उसकी जगह नहीं ले सकती और न ही लेनी चाहिए।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# इंग्लैंड बनाम भारत : एजबेस्टन के मैदान पर इन भारतीय ने चटकाए हैं सबसे ज्यादा विकेट

एजेंसी ▶▶| एजबेस्टन

भारतीय क्रिकेट टीम को सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसे जीतकर भारतीय टीम सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी। हेडिंग्ले टेस्ट में जीत के लिए मिले 371 रन के बड़े लक्ष्य को इंग्लिश टीम ने बेन डकेट के शतक (149) की बदौलत हासिल किया। इस बीच एजबेस्टन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों के बारे में जानते हैं।

### चेतन शर्मा

**(6/58 बनाम इंग्लैंड, 1986)**

भारतीय टीम और इंग्लैंड के बीच 1986 में एजबेस्टन में खेला गया टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। उस मैच में भारत के तेज गेंदबाज चेतन शर्मा ने कुल 10 विकेट लिए थे। उन्होंने पहली पारी में 130 रन देते हुए 4 विकेट लिए थे। इसके बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान उन्होंने 58 रन देते हुए 6 विकेट लिए थे। वह इस मैदान पर किसी एक मैच में कुल 10 विकेट लेने वाले इकलौते भारतीय गेंदबाज हैं।



### कपिल देव (5/146 बनाम इंग्लैंड, 1979)

पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने 1979 में इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 5 विकेट चटकाए थे। उनकी उम्दा गेंदबाजी के बावजूद मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी 633/5 के स्कोर पर घोषित की थी। इंग्लिश टीम से डेविड गोवर ने दोहरा शतक (200*) लगाया था। जवाब में भारतीय टीम ने अपनी पारियों में 297 और 253 (फॉलऑन खेलते हुए) रन बनाए और इंग्लैंड ने पारी और 83 रन से मैच जीता था।

### इशांत शर्मा

**(5/51 बनाम इंग्लैंड, 2018)**

इंग्लैंड ने 2018 में एजबेस्टन टेस्ट में भारत को 31 रन से हराया था। उस मैच में इशांत शर्मा ने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान 5 विकेट लिए थे, जिसमें जॉनी बेयरस्टो और बेन स्टोक्स जैसे बल्लेबाज भी शामिल थे। उनकी उम्दा गेंदबाजी के चलते इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 180 रन पर ढेर हो गई थी। आखिर में जीत के लिए मिले 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 162 रन पर सिमट गई थी।

## इस स्टेडियम में जेम्स एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट

भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच जारी टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन, बर्मिंघम में खेला जाएगा। यह मैदान इंग्लैंड के लिए हमेशा से फायदेमंद रहा है, खासकर उनके तेज गेंदबाजों को यहां खास मदद मिलती है। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा कड़ी हो सकती है। इस ऐतिहासिक मैदान पर इंग्लैंड के किन गेंदबाजों ने सबसे ज्यादा विकेट चटकाए हैं, यह जानना बेहद दिलचस्प होगा।



### जेम्स एंडरसन (52 विकेट)

जेम्स एंडरसन ने एजबेस्टन में पहला टेस्ट 2003 में खेला और 2023 में आखिरी बार इस मैदान पर उतरे। उन्होंने यहां 14 टेस्ट की 27 पारियों में 24.28 की औसत से 52 विकेट झटके, जिसमें 3 बार 5 विकेट हॉल भी शामिल था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/47 का रहा। वह इस मैदान पर इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह भले ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं, लेकिन यह रिकॉर्ड हमेशा याद किया जाएगा।

### स्टुअर्ट ब्रॉड (49 विकेट)

सूची में दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के एक और पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड हैं। उन्होंने इस मैदान पर पहला टेस्ट मैच 2009 में खेला था, जबकि आखिरी बार वह 2023 में इस मैदान पर खेले थे। ब्रॉड ने एजबेस्टन में कुल 11 टेस्ट मैचों की 22 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 23.81 की औसत से 49 विकेट झटके। इस दौरान उन्होंने एक बार 5 विकेट हॉल लिया। इस मैदान पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/86 का रहा।

### फ्रेड ट्रूमैन (39 विकेट)

फ्रेड ट्रूमैन इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने एजबेस्टन में 7 टेस्ट खेले थे। इन मैचों की 13 पारियों में उन्होंने 20.46 की शानदार औसत से 39 विकेट झटके। ट्रूमैन ने इस मैदान पर 3 बार पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7 विकेट पर 44 रन रहा था। ट्रूमैन अपने समय के बेहद खतरनाक तेज गेंदबाज माने जाते थे।

---

## खबर संक्षेप



### एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी लवलीना और निकहत

**हैदराबाद।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन आज से यहां शुरू होने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगी। भारत की कई शीर्ष महिला मुक्केबाज भी यहां इस टूर्नामेंट में कौशल दिखाएगी जो एक जुलाई तक चलेगा जिसमें पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो भी शिरकत करेंगी। तेलंगाना राज्य संस्था भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अंतर्गत इस टूर्नामेंट का आयोजन करेगी जिसमें 15 इकाईयों की मुक्केबाज हिस्सा लेंगी। चैंपियनशिप का आयोजन विश्व मुक्केबाजी के तकनीकी एवं प्रतियोगिता नियमों के अनुसार किया जाएगा जिसमें प्रत्येक मैच में तीन तीन मिनट के तीन राउंड होंगे जिनके बीच में एक मिनट का आराम होगा।

### भारत ने एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में सभी तीनों खिताब जीते

**कुआलालंपुर।** भारत ने यहां दूसरी एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के सभी तीनों खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने



पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल की जोड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया लेकिन वापसी करते हुए 88 मिनट में 2-1 (9-11, 11-5, 11-5) से जीत दर्ज की। इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में हांगकांग के चि हिम वोंग और मिंग होंग टांग की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और मलेशिया की आइना अमानी और जिन यिंग यि पर 35 मिनट तक चले फाइनल में 2-1 (8-11, 11-9, 11-10) से जीत हासिल की।

### ईशा, विदरसा और पार्थ ने चयन ट्रायल में जीत दर्ज की

**देहरादून।** ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम की पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह यहां ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल के तीसरे दिन तीन विजेताओं में शामिल रहीं। तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता। ईशा ने फाइनल में महाराष्ट्र की अभिदन्या अशोक पाटिल को हराया जिन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। तमिलनाडु की निवेदिता नायर तीसरे स्थान पर रहीं।

---

### एजबेस्टन में बेहद खराब रहा है भारत का प्रदर्शन

# गिल ब्रिगेड के पास इतिहास रचने का मौका एजबेस्टन में एक भी टेस्ट नहीं जीता भारत

एजेंसी ▶▶| एजबेस्टन

भारतीय क्रिकेट टीम को पांच टेस्ट मैच की सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसे जीतकर भारतीय टीम सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी।

एजबेस्टन में अब तक भारतीय टीम ने कोई टेस्ट नहीं जीता है और शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इतिहास बदलना चाहेगी या फिर पुराना इतिहास दोहराना चाहेगी। हेडिंग्ले टेस्ट में जीत के लिए मिले 371 रन के बड़े लक्ष्य को इंग्लिश टीम ने बेन डकेट के शतक (149) की बदौलत हासिल किया। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस मैदान पर भारतीय टीम का अब तक का प्रदर्शन ऐसा रहा है।

### एजबेस्टन में भारत ने हारे 7 टेस्ट

भारत ने एजबेस्टन में 8 टेस्ट (1967-2022) खेले, जिसमें से 7 में उन्हें हार मिली थी और सिर्फ 1 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। इस मैदान पर भारत का सर्वोच्च टीम स्कोर 416 रन रहा था। वहीं, सबसे कम स्कोर 92 रन रहा था। इस मैदान में भारत का इकलौता ड्रॉ 1986 में आया था। कपिल देव उस मुकाबले में भारत की कप्तानी कर रहे थे।



### इंग्लैंड में एजबेस्टन में जीते हैं 30 टेस्ट

एजबेस्टन में इंग्लैंड ने कुल 56 टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें से 30 में टीम को जीत मिली, जबकि 11 में हार का सामना करना पड़ा। इस बीच 15 टेस्ट ड्रॉ रहे थे। इंग्लिश टीम का इस मैदान पर सर्वोच्च टीम स्कोर 710 रन है। वहीं, सबसे कम स्कोर 98 रन है। इंग्लैंड ने यहां पर अपना पिछला टेस्ट जुलाई 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था और उसे 10 विकेट से जीता था।

### जसप्रीत बुमराह दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे

भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच में भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें दूसरे टेस्ट से आराम दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का तीसरा मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में होना है और बुमराह फिर से तीसरे टेस्ट में टीम में वापसी करेंगे। बता दें कि भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर पहले ही ये स्पष्ट कर चुके हैं कि बुमराह 3 टेस्ट मैच खेलेंगे, लेकिन यह तय नहीं किया है कि वह कौन से 2 अन्य टेस्ट मैच खेलेंगे।

### दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित

इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। **इंग्लैंड की टीमः** बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग और क्रिस वोक्स। अब देखना होगा कि इन खिलाड़ियों में से किसे दूसरे टेस्ट में मौका मिलता है।

---

### श्रीलंका बनाम बांग्लादेश

# पथुम निसांका ने लगातार दूसरे टेस्ट में भी जड़ा शतक

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट में भी बेहतरीन शतक लगाया। उन्होंने कोलंबो में खेले जा रहे मुकाबले में अपनी पहली पारी के दौरान शतक लगाया। यह उनके टेस्ट करियर का कुल चौथा और बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा शतक रहा। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के टेस्ट में 187 और 24 रन की पारियां खेलीं थी। निसांका ने बतौर सलामी बल्लेबाज 12 मैचों की 21 पारियों में 900 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस बीच वह 3 शतक भी लगा चुके हैं। वह पिछले कुछ समय से टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज बने हैं।



### शानदार रही निसांका की पारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 247 रन बनाए। इसके जवाब में निसांका ने लाहिरु उडारा (40) के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। इस सलामी जोड़ी ने 88 रन की साझेदारी की। उडारा के विकेट के पतन के बाद भी निसांका ने एक छोर से निरंतर रन बनाना जारी रखा और मैच के दूसरे दिन के तीसरे सत्र के दौरान अपना शतक पूरा किया।

### ऐसा है निसांका का टेस्ट करियर

*निसांका ने मार्च 2021 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था। उन्होंने 18 टेस्ट की 31 पारियों में 1,200 से अधिक रन बना लिए हैं। वह 4 शतक के अलावा 7 अर्धशतक लगा चुके हैं। इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर 187 रन रहा। श्रीलंका में खेलते हुए यह उनका दूसरा टेस्ट शतक है। वह विदेशों में खेलते हुए भी 2 शतक जड़ चुके हैं।*

---

### ट्राई सीरीज

## साउथ अफ्रीका ने ट्राई सीरीज के लिए नए खिलाडी डुसेन को सौंपी कप्तानी

**अफ्रीका जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 सीरीज 14 जुलाई से**



एजेंसी ▶▶| मुंबई

साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली ट्राई सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। इस सीरीज के लिए उन्होंने एक नए खिलाड़ी को टीम का कप्तान बनाया है। साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 से 26 जुलाई तक हरारे में होने वाली टी20 ट्राई-सीरीज के लिए अपनी 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। इस सीरीज में अनुभवी बल्लेबाज रासी वैन डर डुसेन को कप्तान बनाया गया है।

### नया कोच और नए खिलाड़ी

यह सीरीज साउथ अफ्रीका के लिए टी20 क्रिकेट में नई शुरुआत का मौका है, जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण देखने को मिलेगा। नए कोच शुक्रि कॉनराड की अगुवाई में यह टीम 2026 टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों को मजबूत करना चाहती है।

### चार नए चेहरों को मौका

साउथ अफ्रीका की इस टीम में चार नए खिलाड़ियों को पहली बार टी20 इंटरनेशनल में मौका मिला है। मोमेंटम मल्टीप्लाई टाइटन्स के कॉर्बिन बॉश और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, नॉर्थ वेस्ट ड्रैगन्स के बल्लेबाज रुबिन हरमन और ईपी वॉरियर्स के स्पिनर सेनुरन मुथुसामी को शामिल किया गया है। प्रिटोरियस और हरमन ने एसए20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया, जहां प्रिटोरियस ने 397 रन बनाए थे।

### शुक्रि कॉनराड का पहला टी20 असाइनमेंट

यह सीरीज साउथ अफ्रीका के नए ऑल-फॉर्मेट कोच शुक्रि कॉनराड के लिए पहला टी20 इंटरनेशनल असाइनमेंट है। 2023 से टेस्ट टीम को कोचिंग दे रहे कॉनराड अब व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भी अपनी छाप छोड़ना चाहते हैं। उनकी कोचिंग में साउथ अफ्रीका ने हाल ही में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीता था।

### रासी वैन डर डुसेन को मिली कप्तानी

साउथ अफ्रीका ने इस ट्राई-सीरीज के लिए रासी वैन डर डुसेन को कप्तान चुना है। रासी पहले भी साउथ अफ्रीका की व्हाइट-बॉल टीम की कप्तानी कर चुके हैं, खासकर पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर। उनके अनुभव और शांत स्वभाव को देखते हुए कोच शुक्रि कॉनराड ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। रासी के साथ रीजा हेंड्रिक्स और लुंगी नगीदी जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी टीम में हैं, जो युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।

---

## भारत के आस्ट्रेलिया दौरे के सिडनी, कैनबरा मैच के टिकट बिके : सीए

**मेलबर्न।** भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे में अभी कम से कम चार माह का समय है लेकिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया आठ मैचों के 90000 टिकट बेच चुका है जिसमें सिडनी में तीसरे वनडे और कैनबरा में पहले टी20 के सारे टिकट बिक चुके हैं। भारतीय टीम अक्टूबर नवंबर में आस्ट्रेलिया दौरे पर तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगी। दौरे की शुरूआत 19 अक्टूबर को पर्थ में होगी और आखिरी मैच आठ नवंबर को ब्रिसबेन में खेला जायेगा। सीए ने एक बयान में कहा ,'' आस्ट्रेलिया और भारत के बीच सफेद गेंद की श्रृंखला अक्टूबर नवंबर में खेली जायेगी। हजारों की संख्या में खरीदे गए टिकट सीए के अनुसार अभी तक बिके टिकटों के 16 प्रतिशत से अधिक भारतीय फैन क्लबों ने खरीदे हैं। इसमें कहा गया भारत आर्मी सबसे सक्रिय फैन क्लब में से है जिसने 2400 टिकट खरीदे हैं।

---

## बांग्लादेश और पाक के बीच 20 जुलाई से टी-20 सीरीज




एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट टीम को अगले महीने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज की मेजबानी करनी है, जिसके लिए कार्यक्रम की घोषणा की गई है। 20 जुलाई से टी-20 सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। तीन मैचों की सीरीज के सभी मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में ही खेले जाएंगे। बता दें कि यह दोनों देशों के बीच इस साल दूसरी टी-20 सीरीज है।

### 16 जुलाई को बांग्लादेश पहुंचेगी पाकिस्तानी टीम

पीसीबी ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान की पुरुष टीम अगले महीने 3 मैचों की द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में भाग लेने के लिए बांग्लादेश की यात्रा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आज इसकी पुष्टि की। सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम 16 जुलाई को ढाका में पहुंचेगी, जिससे उन्हें रविवार 20 जुलाई को पहले टी-20 के साथ सीरीज की शुरुआत से पहले तैयारी के लिए कुछ दिन मिलेंगे।

### ऐसा है सीरीज का कार्यक्रम

बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच 20 जुलाई को होने वाले मुकाबले से सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 22 जुलाई को सीरीज का दूसरा और 24 जुलाई को तीसरा मैच खेला जाएगा। बांग्लादेशी टीम इस समय श्रीलंका के दौरे पर मौजूद है। फिलहाल बांग्लादेशी टीम श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा ले रही है।

---

## बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप के लिए टीम घोषित

**नयी दिल्ली।** प्रतिभाशाली तन्वी शर्मा को 18 से 27 जुलाई तक इंडोनेशिया के सोलो में होने वाली बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप (टीम और व्यक्तिगत) के लिये भारत की 19 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। तन्वी ने बैडमिंटन एशिया महिला टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जूनियर विश्व नंबर एक पुरूष युगल टीम भार्गव राम एरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू से भी भारत को उम्मीदें होंगी। टीम स्पर्धा 18 से 22 जुलाई तक होंगी जबकि व्यक्तिगत मुकाबले 23 से 27 जुलाई तक खेले जायेंगे। टीम स्पर्धा रिले प्रारूप में होगी जिसमें 110 अंक तक पहले पहुंचने वाली टीम विजयी होगी । इसकी शुरूआत ग्रुप चरण से होगी जिसके बाद नॉकआउट मुकाबले होंगे। टीम चार से 15 जुलाई तक गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र पर एकत्र होगी। एनसीई गुवाहाटी में इस साल के आखिर में बीडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व चैम्पियनशिप भी होनी है। भारतीय मुक्केबाजी संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा भारत के जूनियर सर्किट से विश्व स्तरीय प्रतिभायें निकल रही हैं।

---

### इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में ही कंधे में हल्की समस्या

# साई सुदर्शन फिलहाल अनफिट, ईश्वरन को दिया जा सकता है मौका

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन इंग्लैंड टीम के खिलाफ 2 जुलाई से एजबेस्टन, बर्मिंघम में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। हेडिंग्ले, लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान उनके कंधे में चोट लग गई थी। इस मुकाबले में उनका बल्ला भी शांत रहा था। हालांकि, अगर वे पूरी तरह फिट नहीं होते हैं तो एजबेस्टन टेस्ट में उनकी जगह ईश्वरन को मौका दिया जा सकता है। ईश्वरन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटंस के लिए 759 रन बनाए थे और ऑरेंज कैप जीती थी।

### क्या कहती है मीडिया रिपोर्ट?

रिव स्पोर्ट्ज की रिपोर्ट के मुताबिक, सुदर्शन को कंधे में हल्की चोट है जो उन्हें अगले टेस्ट से बाहर कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया, सुदर्शन अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं। आखिरी दिन फील्डिंग के दौरान वो कुछ तकलीफ में नजर आए। उनके कंधे में हल्की समस्या है। ऐसे में टीम के लिए यह चिंता का विषय हो सकता है, क्योंकि पहले ही मैच में हार झेल चुकी टीम को अगले मुकाबले में मजबूत संयोजन की जरूरत है।





### हेडिंग्ले में सुदर्शन ने किया था डेब्यू

सुदर्शन ने हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की ओर से टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। पहली पारी में वह बिना खाता खोले आउट हो गए, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 48 गेंदों में 30 रन की ठोस पारी खेली थी। मानसिक रूप से खुद को तैयार करने के लिए उनकी खास कल्पना आधारित तैयारी तकनीक ने भी काफी सुर्खियां बटोरी। इस मैच में उन्हें नंबर 3 जैसे अहम स्थान पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### अभिमन्यु ईश्वरन भी एक भरोसेमंद बल्लेबाज

सुदर्शन को इंग्लैंड दौरे पर अभिमन्यु ईश्वरन की जगह तरजीह दी गई थी। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटंस के लिए 759 रन बनाए थे और ऑरेंज कैप जीती थी। हालांकि, अगर वे पूरी तरह फिट नहीं होते हैं तो एजबेस्टन टेस्ट में उनकी जगह ईश्वरन को मौका दिया जा सकता है। ईश्वरन भी एक भरोसेमंद शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं और टीम को संतुलन देने की क्षमता रखते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

# ।। श्रद्धांजलि सभा ।।



## स्व. श्रीमती परमेश्वरी देवी जी

हम आपको शोकाकुल हृदय से सूचित करते हैं कि हमारी
पूज्य माता श्रीमती परमेश्वरी देवी जी
धर्मपत्नी स्वर्गीय चौ. मित्रसेन आर्य जी अपनी सांसारिक
यात्रा पूर्ण कर दिनांक 20 जून 2025 को ईश्वर के
श्रीचरणों में विलीन हो गई हैं।

### श्रद्धांजलि सभा

तिथि : रविवार, 29 जून 2025
समय : प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे
स्थान : टैगोर ऑडिटोरियम, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

### शोकाकुल

• श्रीमती सरोज सिंधु – कैप्टन रूद्र सेन सिंधु • श्रीमती शशि सिंधु – वीर सेन सिंधु • श्रीमती ऊषा सिंधु – वृतपाल सिंधु
• डॉ. एकता सिंधु – कैप्टन अभिमन्यु सिंधु • श्रीमती अनिका सिंधु – मेजर सत्यपाल सिंधु • श्रीमती रचना सिंधु – देव सुमन सिंधु
(पुत्र–पुत्रवधू)

• श्रीमती दया वर्मा – चौ. राजवीर सिंह वर्मा • श्रीमती बिमला सुरजेवाला – चौ. कुलबीर सुरजेवाला • श्रीमती मधु सिंह – चौ. शमशेर सिंह
(बेटी–दामाद)

"एवं समस्त सिंधु परिवार"

ACB (INDIA) LIMITED
SAINIK MINING AND ALLIED SERVICES LIMITED
Shyam Indus Power Solutions Limited
हरिभूमि — हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राईवेट लिमिटेड
Sindhu Trade Links Limited

संपर्क : 7752077777, 9992470001